प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

**सुविचार**

एक ऐसा व्यक्ति जिसने कभी गलती नहीं की है, उसने जीवन में कुछ नया करने का कभी प्रयास ही नहीं किया होता है।
अल्बर्ट आईंस्टिन

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



वर्ष - 18 | अंक 91 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 15 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## ‘11 उग्रवादियों’ के मारे जाने के बाद नार्थ-ईस्ट में बवाल

### मणिपुर-असम से मिजोरम तक फैला विरोध, अफ्सपा फिर से लागू

**इंफाल (एजेंसी)। इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 11 सशस्त्र उग्रवादियों के मारे जाने से उपजे असंतोष की लहर अब दक्षिण असम और मिजोरम तक फैल गई है। बुधवार को सिलचर मेडिकल कॉलेज के बाहर बड़ी संख्या में जनजातीय संगठनों ने जमा होकर लंबी खिंचती शव परीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जबकि मिजो नेशनल फ्रंट ने इन मौतों को न्यायेतर हत्याएं (एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग) करार दिया है। अस्पताल में मंगलवार शाम तक 11 में से 6 मृतकों के शवों का परीक्षण हो गया था और शेष 5 के परीक्षण की प्रक्रिया बुधवार तक चली। इस बीच, जनजातीय प्रदर्शनकारियों के गुस्से के साथ उनकी संख्या बढ़ती गई। कैचर जिले के नुमाल महट्टा ने इस मुद्दे पर उठते सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शव परीक्षण में जान-बूझकर देरी नहीं की जा रही है। वहीं, आइजॉल में एमएनएफ ने इन मृतकों को शहीद बताते हुए आरोप लगाया कि सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्रामीण स्वयंसेवकों को मार गिराया और उन्हें उग्रवादी बताकर पेश किया। एमएनएफ ने बयान में कहा, सीआरपीएफ की कार्रवाई ने पक्षपात को उजागर किया है, जिससे मणिपुर की नाजुक स्थिति और बिगड़ सकती है। हम उनकी इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की निंदा करते हैं और चेतावनी देते हैं कि यदि हम जिंदा रहेंगे तो सभी साथ रहेंगे, और मरेंगे तो किसी को अकेला नहीं मरने देंगे। एमएनएफ ने यह भी कहा कि मृतकों के शव सिलचर से मिजोरम के रास्ते उनके घर भेजे जाएंगे। मणिपुर में उभरते हुए हिंसा के हालात के चलते, राज्य के 5 जिलों में अधिनियम



(अफ्सपा) को पुनः लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को घोषणा की कि इम्फाल वेस्ट, इम्फाल ईस्ट, जिरीबाम, कंगपोकपी और बिष्णुपुर जिलों के कुछ क्षेत्रों को ‘अशांत क्षेत्र’ घोषित कर दिया गया है। जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में अफ्सपा पुनः लागू हुआ है, वे हैं इम्फाल वेस्ट का सेक्माई और लामसांग, इम्फाल ईस्ट का लामलाई, जिरीबाम का जिरीबाम, कंगपोकपी का लैमाखोंग और बिष्णुपुर का मोइरंग है। केंद्र ने अक्टूबर 1, 2024 से अगले छह महीने तक अफ्सपा अधिनियम को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बढ़ा दिया था, हालांकि 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को अपेक्षाकृत शांत देखते हुए इस अधिसूचना से बाहर रखा गया था। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने बुधवार को जिरीबाम जिले के चंपानगर, नारायणपुर और थांगबोईपुंजरे इलाकों में घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान मोर्टार और कारतूस बरामद किए। बयान में कहा गया है कि चुराचांदपुर जिले के एच कोटलियान गांव से सुरक्षा बलों ने एक राइफल, एक पिस्तौल, स्थानीय रूप से निर्मित कम दूरी वाली दो तोप, एके 47 की पांच गोलियां आदि जब्त की हैं।

## एंटी चीटिंग बिल ला रही ओडिशा की बीजेपी सरकार

### नहीं मिलेगी जमानत, 5 साल की सजा और 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान




**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की बीजेपी सरकार परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए बेहद सख्त कदम उठाने जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न पब्लिक एग्जाम में अनियमितताओं के आरोपों के बीच ओडिशा सरकार नया एंटी चीटिंग बिल लेकर आ रही है। इस बिल में एग्जाम में चीटिंग को संज्ञेय, गैर–जमानती और गैर–समझौता योग्य अपराध बनाना, पांच साल तक की कैद और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने के कड़े प्रावधान हैं। ओडिशा पब्लिक एग्जाम (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 नाम वाला यह ड्राफ्ट नवंबर 26 से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के अगले सत्र में पास होने की उम्मीद है। चीफ सेक्रेटरी मनोज आहूजा के अनुसार, इस बिल का मकसद विभिन्न प्रकार के गलत साधनों जैसे गलत पहचान, चीटिंग, एग्जाम प्रक्रिया को बाधित करना, निर्धारित समय से पहले एग्जाम से संबंधित जानकारी का लीक होना, एग्जाम हॉल में अनधिकृत एंट्री आदि और पब्लिक एग्जाम की इंटीग्रिटी को बनाए रखना है। कैबिनेट मीटिंग के बाद मनोज आहूजा ने कहा कि अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेने वाले किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को तीन से पांच साल तक के कारावास और दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

## अब शरद पवार ने अजित को नए दांव से चौंकाया

### महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 3 नेता तोड़ बढ़ाई टेंशन

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अब लगभग आखिरी दौर में है। प्रचार में 5 दिन का ही वक्त बचा है और उससे पहले शरद पवार ने बड़ा मास्टरस्ट्रोक खेल दिया है। उन्होंने पुणे की दो सीटों पर अजित पवार के सहयोगियों को शामिल कर लिया है तो वहीं एक सीट पर भाजपा के बड़े नेता को अपने पाले में ले आए हैं। इस तरह पुणे की तीन सीटों पर शरद पवार ने दांव चल दिया है, जिन पर अजित पवार और भाजपा खुद को मजबूत मानकर चल रहे थे। अजित पवार के साथी सुनील तटकरे के करीबी और पीएमसी बैंक के



पदाधिकारी भी पार्टी में शामिल हो गए हैं। विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र पर फोकस कर रहे हैं। इस बार फोकस बैठकों, रोड शो और दूसरे नेताओं को पार्टी में लाने पर है। शरद पवार ने आज पुणे और रायगढ़ में पार्टी में कई नेताओं को एंट्री दिलाई। इससे महायुति को झटके की आशंका है। वड़गांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व एनसीपी नगरसेवक रेखा टिंगरे और चंद्रकांत टिंगरे ने एनसीपी–एसपी का दामन थाम लिया है। इनके अलावा दिलीप तुपे और अनिल तुपे भी पार्टी में आए गए हैं। इन लोगों का पुणे की हड़पसर सीट पर असर माना जाता है।

## भाई के बाद अब ओवैसी ने किया 15 मिनट का जिक्र

### फिर गुस्ताखी होने की ऐक्टिंग की

**सोलापुर (एजेंसी)।** हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में बुधवार को चुनाव प्रचार के दौरान 15 मिनट का जिक्र किया। 2012 में उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा था– देश से 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो तो पता चल जाएगा कौन कितना ताकतवर है। महाराष्ट्र चुनाव में



ओवैसी और डिप्टी सीएम फडणवीस के बीच जुबानी जंग चल रही है। सोलापुर में पुलिस ने मंच पर ही ओवैसी को भड़काऊ भाषण देने से बचने का नोटिस थमा दिया। इस पर तंज कसते हुए ओवैसी ने फिर 15 मिनट का जिक्र किया। हालांकि, तुरंत बाद उन्होंने गुस्ताखी होने की ऐक्टिंग की। फिर कहा– वैरी सॉरी...। ओवैसी ने अपनी बात को संभाला। मोबाइल और घड़ी दिखाते हुए बोले– 9.45... मीडिया वालों घड़ी चेक कर लो तुम्हारी भी। ओवैसी ने 15 मिनट को चुनाव प्रचार के टाइम खत्म होने में 15 मिनट बाकी होने से जोड़ा।

## आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे अघाड़ी वाले :मोदी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राज्य के छत्रपति संभाजीनगर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी पर जमकर वार किया। साथ ही राहुल गांधी को शाहजादे करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी



सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना। इसलिए मैं कहता हूं भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे महाराष्ट्राची प्रगती आहे। महायुति के लिए हमारा किसान, अन्नदाता है, विकसित महाराष्ट्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। यहां कपास के किसान बहुत बड़ी मात्रा में हैं। हमारी सरकार उनकी आय बढ़ाने के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, सरकार बनाने के लिए विकास पर नहीं, बंटवारे पर भरोसा करती है। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे बढ़ने से रोकती है ताकि सत्ता पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी इनका कब्जा बना रहे। इसलिए कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों इंटरनेट पर पुराने अखबारों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की असली सोच क्या है, वो उन विज्ञापनों में साफ दिख रहा है। कांग्रेस, आरक्षण को देश के खिलाफ और मेरिट के खिलाफ बताती थी। कांग्रेस की मानसिकता और कांग्रेस का एजेंडा अभी भी वही

**कहा-**

**आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को यहां घुसने ही मत देना**

**मोदी बोले-**

- **पिछले 10 साल से ‘ओबीसी’ पीएम इन्हें बर्दाश्त नहीं हो रहा**
- **महाराष्ट्र में आरक्षण के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे पीएम**

है। इसलिए पिछले 10 वर्षों से ओबीसी समाज का प्रधानमंत्री इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वो आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और अघाड़ी वाले, एससी/एसटी/ओबीसी समाज को छोटी छोटी जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी, तो कांग्रेस को बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है। अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला, तो वो एससी/एसटी/ओबीसी का आरक्षण रोक देंगे।

## हमारे विधायकों को बीजेपी ने दिए 50-50 करोड़ के ऑफर

**मैसुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए 50 कांग्रेस विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की लेकिन एक भी कांग्रेस विधायक भाजपा के प्रलोभन में नहीं फंसा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के एक भी विधायक ने इस पर सहमति नहीं दी, जिसके कारण भाजपा अब उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करा रही है। बीजेपी के मुताबिक, मैसूरु जिले के टी नरसीपुरा विधानसभा क्षेत्र में 470 करोड़ रुपये के सार्वजनिक कार्यों का उद्घाटन करने के बाद सिद्धारमैया ने ये आरोप लगाए। उन्होंने पूछा, सिद्धारमैया सरकार को किसी तरह से गिराने के लिए उन्होंने (भाजपा ने) 50 विधायकों को 50 करोड़ रुपये की पेशकश की। उनके पास इतना पैसा कहां से आया।



## नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद टोंक में समर्थकों का तांडव

- **कई जगहों पर जमकर आगजनी, जयपुर-अजमेर से बुलाई गई फोर्स**

**टोंक (एजेंसी)।** राजस्थान में चुनाव के दिन एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले प्रत्याशी नरेश मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नरेश मीणा को पुलिस ने उनके गांव से ही गिरफ्तार किया। इस बीच नरेश मीणा के समर्थक उनकी गिरफ्तारी से भड़क गए हैं। पुलिस की पांच कंपनियां जयपुर और तीन कंपनियां अजमेर से बुलाई गई हैं। नरेश मीणा के समर्थकों ने गांव से निकलने वाले हाईवे को ब्लॉक कर दिया है और पत्थरबाजी कर रहे थे। नरेश मीणा के समर्थकों ने रोड पर खड़े ट्रैक्टर और ट्रकों के पहियों को रोड पर रखकर उसमे आग लगा दी। हालांकि पुलिस के आने के बाद समर्थक वहां से भाग गए। पुलिस ने नरेश मीणा के समर्थकों को भगाने के लिए आंसू गैस के गोली भी छोड़े। पुलिस ने नरेश मीणा को सामरवाता गांव से गिरफ्तार किया है। वहीं इलाके में चप्पे-चप्पे पर पुलिसबलों की तैनाती की गई है। मामले को लेकर टोंक के एसपी विकास सांगवान ने कहा कि नरेश मीणा को हमने पहले कानून हाथ में न लेने और सरेंडर करने को कहा। उन्होंने कहा, पहली बार में सरेंडर करने के मूड में नहीं था लेकिन पुलिस बल को देखकर तैयार हो गया। इस मामले में 50 से 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है।



## बीजेपी के नारे बंटेंगे तो कटेंगे के खिलाफ हैं पंकजा मुंडे

- **बोलीं-महाराष्ट्र में इस स्लोगन को लाने की जरूरत नहीं थी**
- **बोलीं-बीजेपी की नेता हूं सिर्फ इसलिए नहीं करूंगी समर्थन**



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा में बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे के नारा खूब चल रहा है। महायुति हर रैली में इस टैगलाइन को बोल रही है। पीएम मोदी से लेकर देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार हर कोई यह नारा बोल रहा है। इसी बीच बीजेपी की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पंकजा मुंडे ने इस नारे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि वह इस स्लोगन को सपोर्ट नहीं करतीं और महाराष्ट्र में इसकी जरूरत भी नहीं है। बीजेपी एमएलसी पंकजा मुण्डे ने कहा, सच कहें, तो मेरी राजनीति अलग है। मैं सिर्फ इसलिए इसका समर्थन नहीं करूंगा कि मैं उसी पार्टी से हूं।

मेरा मानना है कि हमें विकास पर ही काम करना चाहिए। एक नेता का काम इस भूमि पर प्रत्येक जीवित व्यक्ति को अपना बनाना है। इसलिए, हमें महाराष्ट्र में ऐसा कोई विषय लाने की आवश्यकता नहीं है। पंकजा मुंडे ने यह भी कहा कि उन्होंने बीड लोकसभा क्षेत्र से अपनी इच्छा के खिलाफ चुनाव लड़ा था और उन्हें अपनी हार का बुरा नहीं लगा।

## स्व.सधनु भगत को दी अश्रुपूरित विदाई

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री,प्रखर वक्ता,झारखंड आंदोलनकारी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व.सधनु भगत के पार्थिव को गुरुवार की सुबह ब्लॉक मोड़ स्थित उनके आवास से बक्सी डीपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय लाया गया। जहाँ उनके पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे में लपेटा गया इसके बाद जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के साथ सभी भाजपा कार्यकताओं द्वारा फूल माला से पुष्पार्चन कर अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी गयी।मौके पर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे पार्टी का एक अभिभावक,मार्गदर्शक हम सबों को छोड़ कर बहुत दूर चले गए। इसकी क्षतिपूर्ति असम्भव है।विदित हो कि 78 वर्षीय भाजपा नेता सधनु भगत का निधन बुधवार को सुबह 9 बजे



उनके लोहरदगा ब्लोकमोड स्थित आवास में हो गयी थी। उन्हें कुछ दिनों से सांस की समस्या थी ,पार्टी कार्यालय से शव वाहन से उनके पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहन में सवार हो कर जुलूस के शक्ल में अगुवाई करते हुए एवं सधनु भगत अमर रहे नारा लगाते हुए पैतृक मकान हेसल बसारडीह ले जाया गया।जहां उन्हें अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव,पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश उराँव, वनवासी कल्यान केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह,विशुनपुर विधानसभा प्रत्याशी समीर उराँव, सिसई एवम विशुनपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, खूंटी विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम सिंह, एस्टी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, लोहरदगा विधानसभा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत,युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु,त्रिवेणी दास, अजय मित्तल चंद्र शेखर अग्रवाल ,ब्रजबिहारी प्रसाद,राजमोहन राम राकेश प्रसाद ,लालनवल नाथ साहदेव,राजकिशोर महतो मुरारी खत्री, विनोद राय, परमेश्वर साव महामंत्री अजय पंकज,हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू,जगनन्दन पौराणिक,सरिता देवी, पशुपति नाथ पारस ,संजय प्रसाद,मीना बाखला,बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, विजय सोनी सुरेश लोहरा,ओम गुप्ता ,लक्ष्मी नारायण भगत,कलावती देवी,अशोक साहू ,बाल्मीकि कुमार,मिथुन तमेडा,विवेक चौहान,राजकुमार मुंडा,सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

### सधनु भगत ने अलग झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई

19 जनवरी 1946 को लोहरदगा जिले के हेसल बसारडीह में किसान परिवार में जन्मे सधनु भगत स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर बिरसा सेवा दल से जुड़कर सामाजिक जीवन की शुरुवात की।इसके बाद उन्होंने दिशुम गुरु शिबू सोरेन के संपर्क में आये और झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए।दिसुम गुरु ने उन्हें पार्टी का सचिव बनाया ,इसके बाद सधनु भगत शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में कूद पड़े।

सधनु भगत 1994 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, उस समय अलग वनांचल को लेकर पार्टी द्वारा भी जोरदार आंदोलन चलाया जा रहा था,संधनु भगत ने पार्टी में शामिल होने के बाद आंदोलन में जान फूंक दी।

# इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन

**क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा के झूठ कों समझ चुकी है, गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताकर देगी करारा जवाब:संतोष सिंह**

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में सभी 6 विधान सभाओं के इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित झामुमो, राजद, भाकपा माले के जिलाध्यक्ष व घटक दलों के नेता भी उपस्थित हुए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद जिले की सभी विधानसभा सीटों पर इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हैं,जिसके लिए इंडिया गठबंधन घटक दलों के हम सभी नेता पूरी मजबूती के साथ एकजुट होकर लगें हुए हैं। इस बार सभी सीटों पर भाजपा की शिकस्त होगी। आगे उन्होंने कहा




कि लोगों को झारखंड के इंडिया गठबंधन सरकार के प्रति विश्वास जगा है,झारखंड की इंडिया गठबंधन हेमंत सरकार राज्य के युवा बेरोजगारों एवं महिलाओं किसानों के उत्थान एवं बेहतरी के लिए मईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना के साथ-साथ किसानों का ऋण माफ बिजली,बिल माफ सहित अनगिनत कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरने का काम किया है किया हैं,आगे उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही दिसंबर माह से मईयां सम्मान योजना के तहत राज्य के सभी बहनों को इंडिया गठबंधन सरकार खटाखट ?2500 देगी एवं राशन वितरण के तहत प्रति व्यक्ति 7 किलो राशन दी जाएगी एवं राज्य के हर परिवार को 450 रुपए में गैस सिलेंडर,सभी परिवारों को हर महीने 1100 रुपए की 200 यूनिट बिजली मुफ्त,महंगे से मांगे अस्पताल में 15 लाख रुपया का मुफ्त इलाज,?2लाख रू.का अबुआ आवास, निशुल्क राशन,सभी परिवार के बच्चों को केजी क्लास से पीएचडी के साथ विदेश में पढ़ाई फ्री एवं बिजली बिल माफ करने के साथ-साथ इंडिया गठबंधन झारखंड सरकार ने अनगिनत जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया हैं। आगे उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशीयों के प्रति सभी समुदायों का अपार समर्थन मिल रहा है निश्चित रूप से विधानसभा में इंडिया के प्रत्याशीयों ऐतिहासिक जीत होगी।आगे उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हेमंत विस्वा शरमा झारखंड में आकर नफरत फैलाने का काम कर रहें हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ हो रहें बलात्कार व हत्या पर उनकी बोली नहीं निकलती हैं। झुठे वादें करके जनता को बरगलाया जा रहा हैं। क्षेत्र की जनता भी प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा के झुठ एवं उनके चाल,चेहरा और चरित्र को अच्छी तरह से समझ चुकी हैं। जिसका करारा जवाब गठबंधन के प्रत्याशियों कों सुनिश्चित जिताकर दिया जाएगा। इस बार झारखंड में फिर से कांग्रेस गठबंधन से हेमंत सरकार बने। झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि षड्यंत्र के फंसाकर हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया। आज सच्चाई सामने हैं कि वे जल से बाहर भी और इस चुनाव में जनता के बीच हैं। इंडिया महागठबंधन की जीत होकर रहेगी और हमलोगों की सरकार भी बनेगी। राजद के जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा कि झारखंड के इंडिया गठबंधन के जनकल्याणकारी कार्यो से लोग प्रभावित हैं, निश्चित रूप से इस बार सभी विधानसभा में लोग इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के प्रति भारी मात्रा में मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगी। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड मुक्ती मोर्चा जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, मनोज यादव, माले विजय पासवान,राशिद रजा अंसारी,हातिम अंसारी, मुमताज कुरैशी, गोपाल कृष्ण चौधरी, अनिल राय, अनिल सिंह, सुरज वर्मा, श्याम साव सहित अन्य उपस्थित थें।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने रिसीविंग सेंटर,मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिले में होनेवाले मतदान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने कृषि उत्पादन केंद्र बाजार समिति में संचालित स्ट्रॉन्ग रूम, रिसीविंग सेंटर तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम,मतगणना स्थल, पार्किंग स्थल,मतदान सामग्री वितरण स्थल, सुरक्षा व्यवस्था,सीटीटीवी निगरानी कक्ष सहित सभी जरूरी व्यवस्था की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने मतदान दल रवानगी, वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही साफ-सफाई और पार्किंग व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

## वोट गिरिडीह वोट, मेरा भविष्य मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा है, का नारा दे नेत्रहीन बच्चों ने पढ़ाया लोकतंत्र का पाठ




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,गिरिडीह।** स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग की टीम पहुंची अजीडीह नेत्रहीन विद्यालय, बच्चों को निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, मतदाता मार्गदर्शिका आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों ने संगीत के जरिए लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव के महत्ता को बतलाया। इस कार्यक्रम के जरिए बच्चों ने वोटर हेल्पलाइन ऐप, टॉल फ्री नंबर 1950 की विशेषता पर भी फोकस किया। एक जगह एकत्रित होकर सभी बच्चों ने मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस दौरान सभी के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को मतदान की तिथि 20 नवंबर 2024, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली समेत अन्य जानकारी दी गई। साथ ही सभी को अपने स्तर से अन्य लोगों को भी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## डीएवी कोयलानगर में बाल दिवस पर फूड फेस्ट का आयोजन

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** कोयला नगर टाउनशिप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती के अवसर फ़ूड फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्वीता रमईया धर्मपत्नी एम.के.रमईया निदेशक बीसीसीएल कोयलानगर, करुणा श्रीवास्तव, विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड प्रक्षेत्र-सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एन.एन.श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से श्रद्धा सुमन एवं फीता काटकर किया। इस दौरान छात्रों ने लिट्टी-चोखा, दही पुरी, गोलगप्पा, मोमोज़, चाट, मिल्क शेक, गुजराती चार्ट, चाऊमीन, बर्गर, पास्ता जैसे कई तरह के व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे।

मुख्य अतिथि पूर्वीता रमईया ने कहा कि कला कोई भी हो छोटी नहीं होती, जिसके हाथ में हुनर है, वह कभी दूसरों का मोहताज नहीं होता। स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान प्राप्त करने की जगह नहीं है,बल्कि प्रशिक्षण द्वारा उन्हें कौशलपूर्ण बनाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए पूरे विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मौके पर प्राचार्य सह झारखंड प्रक्षेत्र-सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एन.एन.श्रीवास्तव ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में इंसान बहुत संकुचित मानसिकता के होते जा रहे है, वह अपनी चीजें किसी और को बाँटना नहीं चाहते, हम इस आयोजन द्वारा चाहते हैं कि बच्चे अपनी चीजें एक-दूसरे को बांटना सीखें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का लुत्फ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राओं, तथा अभिभावकों का विशेष योगदान रहा। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ.डी.के.सिन्हा एवं अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दी।

## 28धनवार विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी पर एफआईआर दर्ज

**अब तक जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कुल 5 मामलों में प्राथमिकी दर्ज**

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गिरिडीह के द्वारा जानकारी दी गई कि ऑल इंडिया मोमिन मुवमेंट के अध्यक्ष फैयाज अहमद रजा एवं संयुक्त सचिव रसिद अंसारी ने नोटिस जारी किया कि 28 धनवार विधानसभा के निजामुद्दीन अंसारी के अलावा जो भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा होगा वह बाबुलाल मरांडी और भाजपा का एजेंट होगा, ऐसे उम्मीदवारों पर भरोसा ना करें। तंजीम मोजदी देअल फेसानी के पदाधिकारी वाट्सएप एवं फेसबुक में भ्रामक एवं झूठा खबर फैलाकर लोगों को उकसाने एवं दिग्भ्रमित करने का काम कर रहें हैं। यह मामला आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का है। इस संबंध में बीएनएस एक्ट एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। अब तक जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कुल 5 मामलों में प्राथमिकी दर्ज किए गए हैं।

## विश्व मधुमेह दिवस पर झारखंड डायबीटीज एंड आई सेंटर में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**योगा, मेडिटेशन एवं 30-40 मिनट का एक्सरसाइज रोजाना करें: डॉ.अजय पटवारी**

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** 14 नवम्बर विश्व मधुमेह दिवस पर हर साल की तरह इस साल भी जोड़ा फाटक रोड शक्ति मंदिर के समीप झारखण्ड डायबिटिक एण्ड आई सेंटर में मरीजो के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद क्षेत्र एंव अन्य जिलो के भी 250 से अधिक लोगो ने भाग लिया। संस्था द्वारा पूरे सप्ताह के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है 13 नवंबर को फेसबुक लाइव किया गया था। गुरुवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप यूनिट एक और यूनिट दो, कैप टी-शर्ट और हेल्दी ब्रेकफास्ट का वितरण हुआ



आगे की पुरे हफ्ते के विवरण में 15 नवंबर शुक्रवार को अवेयरनेस रैली, ब्लड शुगरऔर बीपी चेक अप, टोपी और टी-शर्ट का वितरण और इंस्टाग्राम लाइव का कार्यक्रम है। 16 नवंबर को ब्लड शुगर और बीपी चेकिंग लायंस क्लब के साथ बैंक मोड़ क्षेत्र में होगी। 17 नवंबर को डायबीटिक फुट प्रिवेंशन प्रोग्राम रोटरी क्लब के द्वारा लांच की जाएगी। 18 नवंबर को ब्लड शुगर, बीपीऔर हृदय जांच बोकारो में किया जायेगा। और सप्ताह के आखिरी दिन 21 नवंबर को ब्लड शुगर और बीपी चेकअप गिरिडीह में होगा। गुरुवार को झारखंड डायबीटीज और आई सेंटर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचबीए 1सी यूरिन मिक्रल, लिपिड प्रोफाइल, डायबीटिक रेटिनोपैथी, स्क्रीनिंग यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन स्पायरोमेट्री, बीएमआई, बीएमडी, इसीजी फाइब्रोस्कैन इत्यादि जाँच मुफ्त में किया गया जिससे गरीब एंव जरूरतमंद लोगो को काफी मदद मिली। साथ हि डॉ.अजय पटवारी एंव सीमा पटवारी ने लोगो को इस बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक भी किया कि इस बीमारी को हम अपने रोजमर्रा कि आदतों में सुधार लाकर इस पर काबू पा सकते है। जिसके लिए हमें पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। जंक फूड या किसी भी प्रकार का डब्बा बंद खाने का प्रयोग नहीं करना चाहिए। मैदा और मीठा खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। रोजाना कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज करें। योगा एंव मेडिटेशन नियमित करें। कैम्प का उदघाटन राधेश्याम पटवारी द्वारा किया गया।

## पोस्टल बैलेट के द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग शुरू

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के लिए होम वोटिंग कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारी द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंचकर होम वोटिंग प्रारंभ हुई। होम वोटिंग हेतु कुल 16 टीम द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर 2024 को शुरू हुई जो कि कल दिनांक 15 नवंबर 2024 तक चलेगी। इसके अलावा छुटे हुए मतदाताओं को दिनांक 17 नवंबर को मतदान कराया जाएगा।



पोस्टल बैलेट के द्वारा AVSC (अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन) एवं AVPD (अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी) के मतदान हेतु गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही पूर्ण दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है।

ज्ञात हो कि पूर्व मे कराये गये सर्वे के आधार पर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं(चलने फिरने में असमर्थ) के लिए होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है। धनबाद जिला में कुल 239 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है।

बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाता है। यहां अपना वे अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारी की टीम और पुलिस भी मौजूद होते हैं।

## हेमंत सरकार योजनाओं को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा रहे हैं-अमित शाह

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,गिरिडीह।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत का दावा करते हुए गुरुवार को कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एक-एक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने गुरुवार को गिरिडीह में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के विकास के लिए कई विकास योजनाओं को दे रहे हैं, लेकिन हेमंत सरकार सभी योजनाओं को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही एक एक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा। उनकी पार्टी राज्य से घुसपैठ, नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का काम करेगी गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव के दौरान जो कहते हैं उसको कभी पूरा नही करते है, लेकिन भाजपा जो भी वादा करती है वह मोदी की गारंटी होती है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाता है। बाद में गृह मंत्री ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के महेशमुंडा स्थित कुसुंभा मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार के साथ-साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी झारखंड में लगातार आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है।

# डुमरी विधानसभा निर्वाचन 2024:सर्वाधिक अपराधिक मुकदमे जयराम महतो पर हैं दर्ज

**निर्वाचन आयोग को उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत घोषणा पत्र में प्रत्याशियों पर दृष्टिपात**

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**डुमरी।** संसदीय आम चुनाव में जहां लोगों की विशेष प्रयत्न देश में केंद्र की सरकार बनाने अथवा बदलने की ओर होती है,वहीं विधान सभा चुनाव में मतदाता राज्य में नेतृत्व को बरकरार रखने या बदलने को लेकर उत्सुक रहते हैं।लेकिन विधानसभा निर्वाचन में क्षेत्र के अधिकांशतः मतदाता अत्यधिक झुकाव अच्छे स्वभाव,सदाचारी, मिलनसार,कुशल नेतृत्वकर्ता,कर्मठ उम्मीदवार को चुनना पसंद करते हैं।इससे सहज ही समझा जा सकता है कि स्थानीय आम आदमी अपने क्षेत्र के नेता से ही प्रभावित रहते हैं।जिससे आगे चलकर बहुमत प्राप्त राजनीतिक दल को राज्य का नेतृत्व करने के लिए अधिकृत किया जाता है।

दूसरे चरण का मतदान जो 20 नवंबर को है, 33 डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 12 अभ्यर्थी यहां चुनाव मैदान में हैं।

बात उनकी शिक्षा, धन संपत्ति,उन पर लगे विभिन्न आपराधिक मुकदमो आदि की करें तो उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए घोषणा पत्र के अनुसार चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं।

डुमरी विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता रहे दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी जो बोकारो जिले के ग्राम अलारगो बोकारो निवासी हैं। इन्होंने इण्डिया गठबंधन की झामुमो से पर्चा दाखिल किया है।

घोषणा पत्र में इन्होंने बताया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में 21 लाख 83,840 रिटर्न दाखिल किया है। जबकि दिवंगत पति के खाते में 26 लाख 15,520 है। स्टेट बैंक में 25 लाख 93681 और फिक्स डिपॉजिट में 33 लाख 98,570 रुपए,अन्य विनियोग में 193940, वहीं नग़दी में 41 लाख 74500 सकल कुल मूल्य एक करोड़ 50 लाख 691 रुपए है। इन्होंने अपना पेशा खेती एवं व्यवसाय बताया है।जबकि शैक्षणिक योग्यता साक्षर बताया है।

एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की प्रत्याशी यशोदा देवी ग्राम इसरी बाजार थाना निमियाघाट गिरिडीह निवासी हैं।बताया कि इनके द्वारा आयकर रिटर्न नहीं दाखिल किए जाते हैं।साथ ही इनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।सतावर संपत्ति तिरसठ लाख पचास हजार व 1 एकड़ भूमि पेशा खेती 10 गाय और दो बैल हैं। इनकी शिक्षा इंटर विज्ञान प्राप्त है।पार्टी द्वारा यह डुमरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में भी चुनाव लड़ चुकी हैं।

राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा से अब्दुल मोबिन रिजवी निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी बाजार निवासी है। पिछले वर्ष इन्होंने 4 लाख 99 हजार इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया है। सकल कुल मूल्य संपत्ति दो करोड़ पचपन लाख है। जबकि पत्नी की 11 लाख 52500 है। इसरी बाजार खाता नंबर 3 प्लॉट नंबर 221 में आवासीय निर्माण 7000 स्क्वायर




फीट में मार्केट वैल्यू करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपए है। खेती योग्य भूमि कुल 1 एकड़ 16 डिसमिल करीब 55 लाख रुपए की है। किसी भी तरह के केस मुकदमे इन पर पेंडिंग नहीं है। इनकी शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक मदरसा हजारीबाग मांडू से हुई है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े मंसूर अंसारी ग्राम खाखीखुर्द थाना निमियाघाट गिरिडीह ने हाथ में नगद रुपए 2000 पत्नी के पास 3000 और इंडियन बैंक सुइयाडीह खाते में शून्य दर्शाया है। इसरी बाज़ार में मकान 1000 वर्ग फुट में 20 लाख रुपए मूल्य बताया है। पेशा में व्यापार और व्यापार से सालाना 1 लाख आय बताया है।जबकि पत्नी को अनुबंध से मानदेय सालाना तीन लाख रुपए बताया।इनकी शिक्षा इंटर आनंद कॉलेज हजारीबाग से हुई है।

वही झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा प्रत्याशी जयराम कुमार महतो 29 वर्ष धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

इनपर कई जिलों में विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत कई मामले दर्ज हैं।वहीं कई न्यायालय में विचाराधीन भी हैं।इन पर हत्या के प्रयास आईपीसी 307 का भी मामला चल रहा है।

इनकी इनकम टैक्स रिटर्न 2023-24 के अनुसार 4,97,440 है। इन पर कसमार थाना में केस नंबर 36/2024, बोकारो स्टील सिटी थाना में केस नंबर 88/2024, गिरिडीह थाना में केस नंबर 101/2024 लंबित है। साथ ही फस्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट तेनुघाट के न्यायालय में 499/ 2024 जीआर, बोकारो 727/2024 जी दर्ज हैं। इन पर भादवि की धारा 147, 149, 114, 224, 225,353, 332, 188 आईपीसी दर्ज हैं। वहीं दिनांक 23.5.2014 को इनके एवं पार्टी सदस्यों के द्वारा आदर्श आचार संहिता के तहत मामला दर्ज हैं।

दिनांक 28.07.2022 को नगडी पुलिस अधिकारी द्वारा अरेस्ट किए जाने के समय भाग जाने का मामला दर्ज है।

सयालजोड़ी थाना में 118/2023 जोरापोखर थाना में 172/2023 व 169 आईपीसी की धारा 147, 148,149, 188, 283, 341, 342, 323, 324, 325, 307, 353, 427, 332 व 333 के तहत मामला दर्ज है। वही मधुबन थाना में केस नंबर 17/2023 जगन्नाथपुर थाना में 131/2023 मांडू थाना में 61/2023 विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त सिंदरी थाना, बलियापुर थाना, मांडू थाना में अन्य मामले दर्ज हैं तो बोकारो, धनबाद गिरिडीह,मधुबन, जगन्नाथपुर थाना,रांची, सिंदरी थाना धनबाद में अन्य मामले दर्ज हैं।तो न्यायालय में भी विचाराधीन हैं। हालांकि किसी भी मामले में उन्हें अब तक सजा नहीं हुई है।

इसके साथ ही हाथ में नगद 30,000 स्टेट बैंक में ?90 ,एक खाते में ?201.55 पैसे, बैंक ऑफ इंडिया में 12,674 एवं सीबीआई के एक अन्य खाते में 5000 रुपए जमा बताया गया है।

संपत्ति के नाम पर कुल सकल मूल्य 55965 रुपए 83 पैसे हैं।

इनके पेशा व्यवसाय की बात करें तो इन्होंने स्वयं को छात्र बताया है और आय का स्रोत यूट्यूब दर्शाया है, शिक्षा एमए इंग्लिश प्रतिष्ठा है।

वही लोकहित जनअधिकार पार्टी के प्रत्याशी मोहन लाल साव थाना पेंकनारायणपुर जिला बोकारो ने इस वर्ष 5,58,810 रुपए का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया है। हाथ में नगदी 50,000 पत्नी के पास 25,000 बैंक आफ इंडिया गोमिया में 93,000 पत्नी के खाते में 1,500 बताया है। जीवन बीमा में 15,75,000 का विनियोग बताया। कुल सकल मूल्य संपत्ति 12 लाख 8000 बताया। हरलाडीह में खेती की भूमि 2 एकड़ 20 लाख रुपए मूल्य बताया। जीवन बीमा निगम से कर लोन ?700000 बताया है। इन्होंने अपना पेशा जीवन बीमा एजेंट और पत्नी आंगनबाड़ी सेविका बताया शिक्षा मैट्रिक पास है।

डुमरी सिमराडीह निवासी बैजनाथ महतो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं। जिन्होंने पिछले वर्ष 3,95,800 इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया है।जबकि पत्नी के नाम 3,14,570 रुपए रिटर्न फाइल किया है। थाने में उनके विरुद्ध कोई भी मामला दर्ज नहीं बताया गया है। हाथ में नगदी 3 लाख पत्नी के पास ढाई लाख स्टेट बैंक में 5000 इंडियन बैंक में 10000 बताया है। साढ़े 16 लाख के दो वाहन बताया गया है।सकल कुल मूल्य संपत्ति 4,55,000 बताया है।

## ट्रैक मेंटेनर के बीच पहुंचे ईसीआरकेयू

### पीडब्लूआई, रेलवे अस्पताल, स्टेशन परिसर में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू आज सुबह 8:00 बजे ट्रैक मेंटेनेंस के बीच में पहुंचे और जहां एक जनसभा किये यूनियन के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताये कि उपस्थित वक्ता नेताजी सुभाष और राजेश प्रसाद ने एआरआरएफ और ईसीआरकेयू द्वारा किए गए रेल कर्मचारियों के हित कार्यों का उल्लेख किये और आने वाले दिन में भी रेल कर्मचारियों का हित में संघर्ष जारी रखने का काम करेंगे। ट्रैक मेंटेनेंस के सभा के बाद रेलवे स्टेशन परिसर में ऑपरेटिंग और कमर्शियल विभाग में भी जनसंपर्क अभियान चल रहा है और अंत में दोपहर 12ः00 बजे धनबाद रेलवे मंडल अस्पताल में भी जनसंपर्क अभियान चलाएं और एक जनसभा भी किये। आज का इस जनसभा और जनसंपर्क अभियान में नेताजी सुभाष,राजेश प्रसाद के अलावे शशांक कुमार अश्विनी, मो.नौसाद, लक्ष्मण मंडल, रविरंजन कुमार, विद्याभूषण प्रसाद, विनोद कुमार, संतोष राउथ, मिथिलेश पासवान, अशोक राम, सुनील कुमार, जयदेव प्रामाणिक, राकेश कुमार, आर.के.सिंह, बी.के.दुबे, जीतेन्द्र कुमार साहू, एन.के.खवास, टी.के.साहू, ए.के.दा, सोमेन दत्ता, प्रदीपतो सिन्हा, प्रभाकर कुमार, सुदर्सन महतो, नीतू कुमारी, प्रशांत बनर्जी, विमान मंडल, चंद्रशेखर प्रसाद, सुरेंद्र कुमार चौहान, दिलीप कुमार, इजहार आलम, राजेश कुमार गोप, अजय कुमार, शिवजी प्रसाद, आरएन विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, राजकुमार, अमित रंजन और जागेश्वर यादव बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए।

## जन-सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी- ममता देवी

### इंडिया महागठबंधन कांग्रेस की प्रत्याशी ममता देवी का डोर-टू-डोर जन-संपर्क अभियान जारी, जनता से हाथ छाप में वोट की अपील

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,दुलमी।** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा गांव में इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने डोर-टू-डोर जन-संपर्क अभियान के तहत मतदाताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट देने की अपील की और जनता से हाथ छाप पर मुहर लगाने का आग्रह किया। ममता देवी ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे जन-सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी।

इस अवसर पर ममता देवी ने कहा, ÷रामगढ़ की बेटी होने के नाते मैं क्षेत्र के हर जनता की समस्याओं को भलीभांति समझती हूँ और आप सभी के समर्थन से झारखंड के विकास में कांग्रेस पार्टी की अहम भूमिका सुनिश्चित करना चाहती हूँ। गांव में लोगों का उत्साह और समर्थन देखकर ममता देवी ने सभी का धन्यवाद किया और क्षेत्र की जनता को कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह जन-संपर्क अभियान झारखंड में कांग्रेस पार्टी की मजबूती और ममता देवी के प्रति जनता के विश्वास को प्रकट करता है।

## कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा ने ग्रामीण क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी तनवीर आलम के निर्देश पर पाकुड़ यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा एवं महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने गुरुवार को सदर प्रखंड के फारसा, तथा नया सवाजपुर, हजरापारा , पुराना सवाजपुर, हाटपाड़ा में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का अपील की साथ ही ग्रामीणों को गठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा बिजली बिल माफी योजना,200 यूनिट फ्री बिजली,सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना,50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन योजना ,मैया सम्मान योजना जिसकी राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 दिसंबर माह से दी जाएगी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सहमति जताई और कहा कि वे हाथ छाप के साथ हैं और हाथ छाप में ही वोट डालेंगे। इस अभियान में आबुओबाईदा, आकमाल शैख, समीना बीबी, बेबी बेबा , महमूदा बीबी , ताजकेरा बेबी, कुलशन बीबी, जोशनारा बीबी, जेलेखा बीबी, डेजी बीबी, मोरफुल शेख़, आलामगीर , रबिऊल शेख ,आदि उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को वोट के प्रति किया गया जागरूक




**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता,पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता के तहत विगत चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों एवं हाट बाजार में विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। स्वीप कोषांग पाकुड़ द्वारा अब तक पाकुड़ जिले के विभिन्न प्रखंडों के हाट बाजारों जैसे बड़कियारी, देवीनगर, महुलपहाड़ी हटिया एवं डांगापाड़ा हटिया आदि स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण जनता को स्थानीय भाषा में कलाकारों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए 20 नवम्बर 2024 को अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में गुरुवार को हिरणपुर हटिया एवं पाकुड़िया प्रखंड के तलवा हटिया में नुक्कड़ नाटक एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# बाल दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार पाकुड़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के उपस्थिति में शहर के स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के सभा भवन में गुरुवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राधिकार के सचिव अजय कुमार गुड़िया, सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नंदलाल पाल, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा, विद्यालय के विधिक संयोजक अमित कुमार ने नेहरू जयंती के अवसर पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।



इस अवसर पर बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्राधिकार के सचिव अजय कुमार गुड़िया ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि मौलिक अधिकारों के साथ साथ मौलिक कर्तव्य के बीच सामंजस्य स्थापित करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए बताया कि बच्चे देश के भविष्य हैं। सभी को एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का संकल्प लेकर निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि वे अपने आस पास की आपराधिक घटनाओं से दूर रहें ताकि अपराधमुक्त समाज का निर्माण हो सके। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लड़के और लड़कियों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था । उन्होंने संबंधित अपराधों के प्रति टोलफ्री नंबर की जानकारी दी ताकि तत्काल इससे मदद की प्राप्ति हो सके। इस शिविर में बालक एवं बालिकाओं ने अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी ली ताकि सुरक्षा एवं कानूनी सहायता की आवश्यकता को समझा जा सके।

## सपा प्रत्याशी अकिल अख्तर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से की मुलाकात

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता, पाकुड़।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव, विशेष रूप से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान आगामी चुनावी कार्यक्रम और रणनीति पर गहन विचार-विमर्श हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और अनुभव साझा करते हुए पार्टी की रणनीति को मजबूत बनाने के कई सुझाव दिए। वहीं पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने कहा कि उनके स्नेह और समर्थन ने चुनावी टीम में एक नई ऊर्जा का संचार किया है, जो पाकुड़ विधानसभा में हमारी जीत को पुख्ता करेगी। हमारा दृढ़ विश्वास है कि अखिलेश यादव के मार्गदर्शन और उनके प्रोत्साहन से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी झारखंड में एक नई राजनीतिक लहर उत्पन्न करेगी, जो प्रदेश में विकास, शांति और भाईचारे का संदेश लेकर आएगी।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**रजरप्पा।** कोयलांचल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर चौधरी एवं प्रचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण वाटिका खंड के नन्हे मुन्हे बच्चों का बिरसा मुंडा का रूप सज्जा रहा।इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के जीवन पर कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए।इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान् बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे। उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज पचीस वर्ष के अल्पायु में देश के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए।वही चंद्रशेखर चौधरी ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई। साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भगवान् बिरसा मुंडा के जीवन वृत्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा और 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तावित करते हुए जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया।विद्यालय के आचार्य बच्चूलाल तिवारी ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन आचार्या डॉ गायत्री पाठक ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या आरती झा,श्वेता पांडा,अमृता चौधरी, ललिता गिरि,गायत्री कुमारी,रेखा पाठक ,रिंकी कुमारी,अंजली कुमारी,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## विधानसभा चुनाव को लेकर महेशपुर विधानसभा संचालन समिति की बैठक हुई संपन्न

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** शहर के आर के पैलेस होटल में बुधवार 13 नवंबर बुधवार देर शाम को महेशपुर विधानसभा संचालन समिति की बैठक मालदा (उत्तर) के भाजपा सांसद खगेन मुर्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में महेशपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी नवनीत हेंब्रम की जीत सुनिश्चित हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विधानसभा संचालन समिति में संयोजक के पद पर सुफल मरांडी, सह संयोजक में देवीधन टुडू, सदस्य में रामचंद्र साहा, मोजेश टुडू, मिरूलाल मरांडी, बीरबल राय, मिहिर मंडल, अमित अग्रवाल, विजय भंडारी, अशोक वर्मा और साधन ठाकुर को प्रभार दिया गया। केराछत्तर मंडल संचालन समिति में सुरेंद्र प्रसाद भगत, रतन साहा, रूबीलाल हांसदा, मानिक राय, लोचन यादव, महेशपुर मंडल संचालन समिति में देवराज तिवारी, पूलक घोष, शंकर भगत, मनोज चौबे, महेश्वर साहा पाकुड़िया मंडल संचालन समिति में जयसेन बेसरा, तपन मंडल, सरिता मुर्मू, बृजमोहन चौबे, हृदयानंद भगत, बिरकिटी मंडल संचालन समिति में राजेंद्र शेखर सिंह, तमाल बनर्जी, निर्मल मरांडी, कालिदास मरांडी और योगेश सरकार को दायित्व दिया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, महेशपुर विधानसभा प्रभारी बलराम दुबे, सुफल मरांडी, देवीधन टुडू सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मतदान के प्रति जागरूकता हेतु वोट कार्निवल का होगा भव्य आयोजन

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**पाकुड़।** गुरुवार को गोपनीय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक ने स्वीप कोषांग के साथ बैठक की। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आगे की रणनीति/योजना/कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में अपनी सहभागिता निभाने को कहा। कहा कि इस बार जिला प्रशासन ने जिले का मतदान प्रतिशत 85 पार ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता आवश्यक है। मतदान के महत्व को बताने एवं मतदान दिवस के दिन मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में आगामी 16 नवंबर को वोट कार्निवल के सफल आयोजन एवं थीम बूथ की तैयारियां को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से चर्चा किया। इस बाबत संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि वोट कार्निवल के दिन मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, डांस, स्केटिंग, बॉक्सिंग,जूडो,कराटे, योगा कार्यक्रम,रक्तदान, खेल कूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## सैमसंग स्मार्ट टीवी पर चार नये 'फास्ट' चैनल लॉन्च

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** सैमसंग टीवी प्लस, भारत में ब्रैंड की फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी (फास्ट) सर्विस ने चार नये फास्ट चैनल्स लॉन्च करने के लिए वायाकॉम18 के साथ साझेदारी की है। सैमसंग टीवी प्लस पर वायाकॉम18 के सुपरहिट बीट्स, कानफोड़ म्यूजिक, फुल्ली फालतू और कलर्स इनफिनिटी लाइट चैनलों को लॉन्च किया जाएगा। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी में पहले से इंस्टॉल है। यह चुनिंदा देशों में चैनलों न्यूज, स्पोर्ट्स, एंटरटेनमेन्ट, आदि विभिन्न चैनलों की पेशकश करता है। भारत में, सैमसंग टीवी प्लस दर्शकों के लिये 100 से ज्यादा लाइव टीवी चैनलों, हजारों फिल्मों तथा शोज भी लेकर आया है। यह लाइव और ऑन-डिमांड, दोनों होते हैं। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप्स के हेड कुणाल मेहता ने कहा कि हम सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर पार्टनर के तौर पर वायाकॉम18 का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। हम भारत में अपने दर्शकों के लिये विभिन्न तरह के कंटेन्ट के विकल्प लाने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो उनकी पसंद और कंटेंट देखने की आदत से मेल खाते हैं। इन नए चैनलों की मदद से, सैमसंग टीवी प्लस पर ना केवल मनोरंजन के विकल्प बढ़ेंगे बल्कि इससे अपने दर्शकों को शानदार वैरायटी और वैल्यू प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखेगा। वायाकॉम18 का जबर्दस्त कंटेन्ट दर्शकों को मनोरंजन का एक बेजोड़ अनुभव देगा। सुपरहिट बीट्स संगीत के शौकीनों का सबसे बढ़िया ठिकाना बनेगा, जहां पर नये-नये हिट्स और सदाबहार नगमे सुन सकते हैं।

## भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप का प्रतिज्ञा पत्र जारी

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** खिजरी विधानसभा से भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप ने प्रतिज्ञा पत्र जारी किया। चेटे स्थित आवास पर उन्होंने प्रतिज्ञा पत्र में खिजरी विधानसभा क्षेत्र को अग्रणी और आदर्श विधानसभा बनाने की बात कही। अजय कच्छप ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को उनके हक एवं मान सम्मान दिलाएंगे। उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का भी काम करेंगे।

उनके प्रतिज्ञा पत्र में खिजरी विधानसभा को भय व भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, सीएनटी एसपीटी कानून का सख्ती से पालन हो यह सुनिश्चित कराने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने प्रतिज्ञा पत्र के माध्यम से खिजरी विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य जनता को कहा है कि ग्रामसभा को मजबूत और सशक्त बनाने लिए ग्रामसभा में दिए गए सभी अधिकारों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। स्थानीय नौजवानों को रोजगार से जोड़ने व उन्हें सशक्त बनाने के लिए मात्र एक रूपये में ठेकेदारी का लाइसेंस बनाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। सभी पंचायतों में आधुनिक सुविधायुक्त खेल के मैदान का निर्माण कराया जाएगा। सभी पंचायतों में संग्रहालय/ पुस्तकालय, ई-लर्निंग सेंटर और मार्गदर्शन केंद्र बनाने की पहल की जाएगी। सभी पंचायतों में पड़हा भवन का निर्माण कराया जाएगा। जल, जंगल, जमीन और पहाड़ों को बचाने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। खिजरी विधानसभा को औद्योगिक कॉरिडोर बनाने की पहल की जाएगी। महिलाओं, बेटियों और नौजवानों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कुटीर उद्योग का निर्माण करने की पहल की जाएगी। विस्थापित परिवारों को जमीन का पट्टा दिलाने की पहल की जाएगी। विस्थापित परिवार के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा मिले इसकी पहल की जाएगी। विधायक निधि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा. ग्रामसभा और जनप्रतिधि समितियों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी। खिजरी विधानसभा में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बिजली की समस्या का त्वरित समाधान हो इसके लिए कमिटी का गठन किया जाएगा। खिजरी विधानसभा में कहीं भी ट्रांसफॉर्मर की खराबी होने पर 24 घंटे के अंदर उसका मरम्मत किया जाएगा। सभी पंचायतों में महिला हेल्पलाइन केंद्र की स्थापना की जाएगी। बेटियों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिल्प एवं तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। खिजरी विधानसभा को टूरिज्म का हब बनाने की पहल की जाएगी। पंचायत स्तर पर शिकायत निवारण केंद्र की स्थापना कर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही जगह उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। सरना, मसना, हड़गरी, जाहेर स्थान जैसे धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के लिए पंचायत स्तर पर विशेष टास्क फोर्स/ ग्राम सभा स्तर पर विशेष कमिटी का गठन किया जायेगा।




# आईसेक्ट इंटर कॉलेज में मनाया गया बाल दिवस

पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**हजारीबाग।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती हर वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।आईसेक्ट इंटर कॉलेज, हजारीबाग में भी गुरूवार को हर्षोल्लास से बाल दिवस मनाया गया। बता दें कि इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुत किए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल 14 नवंबर का दिन हमारी युवा पीढ़ी के पालन-पोषण और शिक्षित करने के महत्व की याद दिलाती है। साथ ही उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति लगाव से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।डॉ गोविंद ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व भी बताए। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए आईसेक्ट इंटर कॉलेज के शिक्षक बच्चों की ताकीद कर रहें हैं।इसका सकारात्मक परिणाम भी आने वाले वर्षों में देखने को मिलेंगे।मौके पर मौजूद आईसेक्ट विश्वविद्यालय के डीन एडमिन डॉ एसआर रथ भी बच्चों से मुखातिब हुए और कहा कि सभी विद्यार्थियों को पंडित नेहरू के बताए पदचिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होंने पंडित नेहरू के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए बच्चों का विकास जरूरी है।ऐसे में समाज और देश की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रहने योग्य बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा दी जाए और इस बात को कहते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है कि आईसेक्ट इंटर कॉलेज इस ओर बेहतर कार्य कर रही है। बताते चलें कि इस खास मौके पर मुख्य अतिथि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों मौजूद सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए गए।कार्यक्रम में शिक्षक एसएनके उपाध्याय, आशा गुप्ता, बिरेंद्र कुमार, अभिमन्यु पांडेय, पूजा भारती, प्रियंका मेहता, डॉ बचनदेव कुमार राय, सुशांत कुमार, संतोष कुमार रविदास, लक्ष्मी कुमारी व अर्जुन राणा के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।



## लखनगढ़िया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री हफीजूल हसन के समर्थन में मांगा वोट, भारी मतों से जीत दिलाने का किया अपील

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, देवघर।** देवघर जिले अंतर्गत मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के लखनगढ़िया स्थित मैदान में चुनावी सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री हफीजूल हसन के समर्थन में वोट मांगे और अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने का हाथ जोड़कर अपील किया। उन्होंने अपने संबोधन में भाजपा वाले को चिड़ीमार बताया। कहा कि इस आदिवासी के खिलाफ भाजपा के लोग षड्यंत्र पर षड्यंत्र करने पर लगे हुए हैं। साथी उन्होंने अपना विकास को गिनाते हुए कहा कि उसकी सरकार किसानों के लिए केसीसी ऋण माफ कराए हैं। बिजली बिल माफ कराए हैं। साथ ही 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिए हैं। वहीं महिलाओं के लिए मैया सम्मान योजना लाकर महिलाओं को अपार सम्मान दिए हैं। चार किस्त आ चुके हैं। अगले दिसंबर से ?2500 करके आना है। सभी का वृद्धा पेंशन कराया गया है और ऐसे अनेक उपलब्धियां को गिनते हुए उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए वोट मांगे और इंडिया गठबंधन के बहुमत से सरकार बनाने में सहयोग करने का अपील किया है। वही मंत्री हफीजूल हसन ने कहा कि आज हमने और हमारी सरकार ने जो काम किए हैं। उसके बदले वोट मांगने आए हैं आगे और बहुत काम करना बाकी है। लेकिन आज तक जो विकास किए हैं वह देखकर जनता हमें वोट करें। उन्होंने कर आगे हर एक जगह विकास करने से नहीं छूटेंगे। इसके अलावे महागठबंधन के नेताओ ने कहा की मंत्री हफीजूल हसन अपने क्षेत्र में अनेकों मंदिरों में विकास करने के लिए योजनाएं लाखों लाख का पास कराए हैं। जबकि विरोधी हिंदू मुस्लिम करने में लगे हुए हैं। प्रमाण आपके सामने हैं। हिंदू मुस्लिम करके वे भोले भाले जनता को बरगलाना चाहते हैं। कहा कि आप बीजेपी एक भी ऐसे विकास को गिनाने कहिए, राज्य में उसकी भी सरकारें रही हैं। ऐसा विकास किसी भी राज्य में बीजेपी नहीं कर पाई है। इंडिया गठबंधन के नेता भूपेन सिंह, दिलावर हसन, दिनेश्वर किस्कू, फैयाज केशर, तेजनारायण वर्मा आदि सैकड़ो मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल, रेफर

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ,लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत पाल्ही गांव के पास बाइक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बालू गांव निवासी जमशेद खान उम्र 29 वर्ष पिता सिराजुद्दीन खान अपने बाइक में सवार होकर बालूमाथ की ओर से अपने घर बालू जा रहा था। की इसी दौरान पाल्ही गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बाइक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायल को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि घायल युवक के सर पैर सहित शरीर के कई अंग में आंतरिक चोट आई है।

## चुनाव संपन्न होते ही हार जीत के गणित में जुटे समर्थक

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, लातेहार।** विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही एनडीए और इंडिया गठबंधन के समर्थकों ने जीत हार का गणित जोड़ना शुरु कर दिया। एक तरफ जहां भाजपा अपने प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत का दावा कर रहा है वहीं दूसरे तरफ महागठबंधन के समर्थक अपने प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को दोबारा जीतने का दावा पेश कर रहे हैं। महागठबंधन की कार्यकर्ताओं को कहना है कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई गई मंइया सम्मान योजना एवं बिजली बिल माफी योजना का लाभ विधानसभा चुनाव में हमारे प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को मिला है प्रखंड में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ा है जिसके कारण हमारे प्रत्याशी बैद्यनाथ राम दोबारा चुनाव जीत रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना जैसी कई योजनाओं का हवाला देकर अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। लेकिन अब देखना होगा की लातेहार विधानसभा का ताज 23 नवंबर को किसके सर सजता है।

## भद्रकाली महाविद्यालय में बाल दिवस एनएसएस के द्वारा आयोजित किया गया

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में गुरुवार दिनांक 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात उपस्थित छात्र छात्राओं ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उन्हे नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था। बच्चे प्यार से नेहरू को चाचा कहकर बुलाते थे द्य प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि 14 नवंबर 1964 से बाल दिवस की शुरुआत हुई। बच्चों को नेहरू के जीवन और व्यक्तित्व का अनुकरण करना चाहिए। प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि बच्चो के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मोबाइल से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम को प्रो. जानकी प्रसाद दांगी,और प्रो. महेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. संदीप कुमार एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने की।कार्यक्रम में प्रो.धीरेंद्र यादव,प्रो. लीलू रानी ,सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## बोलेरो पलटने से एक बच्चे की हुयी मौत, छ: व्यक्ति हुए घायल, सभी रेफर

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी चतरा मुख्य मार्ग में पितीज चोरहाबर के पास एक अनियंत्रित बोलेरो पलटी खा गई। जिसमें सवार बरही प्रखंड कटियोन के मंटू सिंह के 5 वर्षीय बच्चा अंश कुमार की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। वह घटना में उक्त वाहन के निचे दब गया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जबकि उक्त वाहन में सवार आधा दर्जन महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार संध्या तकरीबन 4¬45 बजे की है। घटना के बाद घायल 55 वर्षीय महिला मीना देवी पति रामफल सिंह, रामफल सिंह 55 वर्ष, भोला सिंह 55 वर्ष, 70 वर्षीय ललिता देवी पति प्रभु सिंह, 50 वर्षीय वैजयंती देवी पति विनोद कुमार सिंह एवं 50 वर्षीय सरोज देवी पति भोला सिंह को घायल अवस्था में राहगीरों ने इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराए। जहां डॉ अर्चना माथुर ने सभी घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दी है। घटना के संबंध में घायल व्यक्ति भोला सिंह ने बताया कि हम लोग उक्त वाहन पर सवार होकर पांडेय- महुआ के बकोईया गांव के रिश्तेदार स्वर्गीय गंदौरी सिंह के दशकर्म में शामिल होने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में उक्त स्थल पर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिस दुर्घटना में एक बच्चे की मौत और हम लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एसआई दुखी राम एसआई पंकज कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह इटखोरी हॉस्पिटल पहुंचे सभी घायलों को रेफर कराया, शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा स्पताल भेज दिया गया है।

## एक लाख रुपए में बिक रहा था नवजात बच्चा, महिला समेत तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया पुलिस की टीम ने नवजात बच्चा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक महिला समेत तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक लाख रूपया में बेच रहा 10 से 12 दिन का एक नवजात बच्चा को भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों बच्चा तस्करों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मधुबनी थाना क्षेत्र के लंका टोला के संगीता रानी, कटिहार जिले के फलका थाना अंतर्गत छोटी चादर का अंकित राज एवं अविनाश कुमार शामिल है। एएसपी आलोक रंजन ने नवजात बच्चा तस्कर गिरोह का खुलासा करते हुए कहा कि 10 से 12 दिन का एक नवजात बच्चा के बिक्री के लिए तस्कर गिरोह के सदस्य ग्राहक खोज रहे थे। इस आशय की सूचना एसपी को पिछले एक माह से मिल रही थी कि शहर में नवजात बच्चा तस्कर गिरोह के सदस्य, जिसका मोबाइल नंबर 7970932267 है,खरीद फरोख्त का काम कर रहे हैं। एक नवजात बच्चे के खरीद फरोख्त के लिए एक लाख रुपये लेने की बात चल रही थी। एसपी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक शत्रुघ्न मंडल एवं पुलिस निरीक्षक लाल बहादुर के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल के कुछ सदस्य को खरीदार बनाकर गिरफ्तार किये गये तस्कर से बात कराया गया।

# भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप का प्रतिज्ञा पत्र जारी

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**



**रांची।** खिजरी विधानसभा से भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अजय कच्छप ने अपना प्रतिज्ञा पत्र जारी किया। बुधवार को चेटे स्थित अपने आवास पर उन्होंने प्रतिज्ञा पत्र में खिजरी विधानसभा क्षेत्र को अग्रणी और आदर्श विधानसभा बनाने की बात कही। अजय कच्छप ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को उनके हक एवं मान सम्मान दिलाएंगे। उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का भी काम करेंगे।

उनके प्रतिज्ञा पत्र में खिजरी विधानसभा को भय व भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, सीएनटी एसपीटी कानून का सख्ती से पालन हो यह सुनिश्चित कराने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने प्रतिज्ञा पत्र के माध्यम से खिजरी विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य जनता को कहा है कि ग्रामसभा को मजबूत और सशक्त बनाने लिए ग्रामसभा में दिए गए सभी अधिकारों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। स्थानीय नौजवानों को रोजगार से जोड़ने व उन्हें सशक्त बनाने के लिए मात्र एक रूपये में ठेकेदारी का लाइसेंस बनाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। सभी पंचायतों में आधुनिक सुविधायुक्त खेल के मैदान का निर्माण कराया जाएगा। सभी पंचायतों में संग्रहालय/ पुस्तकालय, ई-लर्निंग सेंटर और मार्गदर्शन केंद्र बनाने की पहल की जाएगी। सभी पंचायतों में पड़हा भवन का निर्माण कराया जाएगा। जल, जंगल, जमीन और पहाड़ों को बचाने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। खिजरी विधानसभा को औद्योगिक कॉरिडोर बनाने की पहल की जाएगी। महिलाओं, बेटियों और नौजवानों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कुटीर उद्योग का निर्माण करने की पहल की जाएगी। विस्थापित परिवारों को जमीन का पट्टा दिलाने की पहल की जाएगी। विस्थापित परिवार के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा मिले इसकी पहल की जाएगी। विधायक निधि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा. ग्रामसभा और जनप्रतिधि समितियों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी। खिजरी विधानसभा में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बिजली की समस्या का त्वरित समाधान हो इसके लिए कमिटी का गठन किया जाएगा। खिजरी विधानसभा में कहीं भी ट्रांसफॉर्मर की खराबी होने पर 24 घंटे के अंदर उसका मरम्मत किया जाएगा। सभी पंचायतों में महिला हेल्पलाइन केंद्र की स्थापना की जाएगी। बेटियों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिल्प एवं तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। खिजरी विधानसभा को टूरिज्म का हब बनाने की पहल की जाएगी। पंचायत स्तर पर शिकायत निवारण केंद्र की स्थापना कर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही जगह उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। सरना, मसना, हड़गरी, जाहेर स्थान जैसे धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के लिए पंचायत स्तर पर विशेष टास्क फोर्स/ ग्राम सभा स्तर पर विशेष कमिटी का गठन किया जायेगा।

## अभिनेत्री अक्षरा सिंह को फोन पर धमकी मामला, पुलिस हिरासत में आरोपी

**दानापुर, एजेंसी।** मशहूर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह को फोन पर धमकी देने और रंगदारी मांगने वाले मामले में पुलिस ने आरोपी को बिहार के दानापुर से हिरासत में लिया है। आरोपी का नाम कुंदन कुमार सिंह बताया जा रहा है। उस पर पहले से दो और मामले दर्ज हैं। हालांकि उसके द्वारा अभिनेत्री से रंगदारी मांगने की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। एसडीपीओ दानापुर भानु प्रताप सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने दानापुर थाना में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि एक अज्ञात कॉल के जरिए उनसे रंगदारी मांगी गई और धमकाया भी गया। इस शिकायत पर दानापुर थाना ने तुरंत एफआईआर दर्ज की, जो 13 नवंबर 2024 को की गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी की पहचान कुंदन कुमार सिंह के रूप में हुई। जो भोजपुर जिले के आरा का रहने वाला है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि इस व्यक्ति पर पहले भी दो मामले दर्ज हैं। पहला मामला 2019 में खगौल थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी शराब पीकर जेल गया था। दूसरा मामला नवादा थाना क्षेत्र, भोजपुर में दर्ज हुआ था, जिसमें वह पहले भी जेल जा चुका था।

उन्होंने आगे कहा, जब पुलिस ने आरोपी से और पूछताछ की, तो उसके मुंह से शराब की तेज बदबू आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने शराब की जांच के लिए एनालाइजर का इस्तेमाल किया, और पुष्टि हुई कि आरोपी ने शराब पी रखी थी।

## एनडीए गठबंधन पहले चरण के चुनाव में दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर जीत प्राप्त करेगा- प्रतुल शाहदेव

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मारू टावर रांची स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पहले चरण के 43 सीटों में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर बड़ी जीत प्राप्त करेगा। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में जनता में उत्साह था। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग परिवर्तन के नाम पर वोट देते दिखें। प्रतुल ने कहा कि दरसल झारखंड की जनता झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार से मुक्ति चाहती थी।हेमंत सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड घपले - घोटाले हुए और पूरी की पूरी कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई।कहा कि जिस तरीके के रुझान मिल रहे हैं उससे यह स्पष्ट की झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनी अनेक परंपरागत सीटों पर भी बुरी तरह हारने की ओर अग्रसर है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में बार जो वोटो का प्रतिशत बढ़ने की प्रबल संभावना है।यह परिवर्तन का सूचक है।

प्रतुल ने कहा कि रांची और हटिया के गठबंधन प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायतें मिली थी कि वह मतदान केंद्र के भीतर भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इसकी शिकायत भी चुनाव आयोग में की गई।हुसैनाबाद का एक पुलिस अधिकारी राजद के उम्मीदवार के पक्ष में कार्य कर रहा था। ऐसी सूचनाएं है कि अनेक जगहों पर भी राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों के जरिए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। जैसे-जैसे सूचना आ रही है वैसे-वैसे चुनाव आयोग में शिकायत की जा रही हैं।अधिकारियों को टूल किट बनाना ठग बंधन की हार की बौखलाहट को साफ दर्शाता है।

प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग, सुरक्षा कर्मी, पुलिस प्रशासन का शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए साधुवाद करती है।चुनाव आयोग ने बहुत ही बेहतर व्यवस्था में चुनाव कराया था।कई अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अभी तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है जो अत्यंत प्रशंसनीय है।बूथों में भी बेहतर व्यवस्था देखने को मिला।

प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी मतदान कर इस परिवर्तन की लहर में अपनी भागीदारी निभाई।

प्रेस वार्ता में तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## बीएसईबी कक्षा 12वीं के लिए दोबारा खुली पंजीकरण विंडो

**पटना, एजेंसी।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा 12वीं इंटर परीक्षा के लिए पंजीकरण विंडो फिर से खोल दी है, पात्र छात्र जो पिछली समय सीमा से चूक गए थे, वे विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन और आवेदन पत्र जमा करने की विंडो फिर से खोल दी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार जिन्होंने अभी तक आवेदन पत्र नहीं भरा है, वे अपना आवेदन जमा करने के लिए बीएसईबी की आधिकारिक वेबसाइट seniorsecondary.biharboard-online.com पर जा सकते हैं। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, पंजीकरण और आवेदन पत्र जमा करने की विंडो 13 नवंबर को फिर से खुल गई। बिहार बोर्ड कक्षा 12 की परीक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर है, जबकि विलंब शुल्क के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर, 2024 है।



## आरोप-प्रत्यारोप के बीच सोनपुर के ऐतिहासिक मेले का हुआ आगाज, दीपाली और ऐश्वर्या ने लोगों को झुमाया

**पटना, एजेंसी।** विश्वप्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का उदघाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, सूचना प्रावैधिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। छपरा से मुजफ्फरपुर तक के सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही आधुनिक स्वरूप में सोनपुर मेला का अंतर्राष्टीय स्तर पर विकसित किया जाएगा। उक्त बातें बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली इतिहास कहे जाने वाले हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बिहार भगवान श्री राम का विरासत है, तो मां जानकी बिहार की बेटी है। जिस कारण बिहार की राजधानी पटना और वैशाली की धरती हाजीपुर से सटे गज ग्राह स्थित हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला को दूसरा स्वरूप देते हुए आने वाले दिनों में हरिहरनाथ महोत्सव का आयोजन होगा। इसी बीच यह भी कहा कि वह युग समाप्त हो गया जब गोली और बोली से सत्ता चलाई जाती थी। बिहार को लोगों ने नकारात्मक ऊर्जा से टुकड़े टुकड़े में बांट दिया था। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला बिहार के समृद्ध विरासत का एक जागरूक स्वरूप है।



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोनपुर मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए की सोनपुर में भी बाबा हरिहर नाथ के नाम पर कॉरिडोर बनाए बनाया जाएगा। जिसको देखने के लिए लाखों लोग आएंगे। सोनपुर के 10 हजार एकड़ खाली पड़े भूमि में उद्योग लगाने के साथ ही एक अलग टाउनशिप बसाया जाएगा, ताकि सोनपुर का विकास हो। हालांकि इसके साथ ही पटना और हाजीपुर का भी विकास हो रहा हैं। इसके लिए बिहार सरकार का खजाना सोनपुर सहित सारण जिले के लिए खोल दिया गया है। बिहार की छवि को राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर विकसित किए जाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बदलते समय में मेले का स्वरूप में भी काफी तेजी से बदलाव हुआ है।

## पप्पू यादव को फिर से मिली धमकी की चिट्ठी, भाजपा के मंत्री ने कहा- यह सब उन्हीं की नौटंकी

**पूर्णिया, एजेंसी।** पप्पू यादव लगातार धमकी संबंधी मामले को लेकर चर्चा में रह रहे हैं। मामला शांत होते ही फिर एक अलग धमकी मिल जाती है। अब उन्हें रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से चिट्ठी भेज कर पूर्णिया स्थित आवास अर्जुन भवन को उड़ा देने की धमकी का मामला सामने आया है।

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से चिट्ठी भेज कर पूर्णिया स्थित आवास अर्जुन भवन को उड़ा देने की धमकी का मामला सामने आया है। इसको लेकर एक पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें धमकी देने वाला शख्स खुद को कुंदन कुमार, पिता स्व विनोद राम, माता रबिया देवी, ग्राम कामत किशुनगंज, पोस्ट मोहम्मदगंज, थाना छातापुर, जिला सुपौल का स्थायी निवासी बता रहा है। वह कहता है कि मेरा कहना है तुमसे, पप्पु यादव तुम पूर्णिया का सांसद है तो तुम सांसद बन कर रहो। मेरा दोस्त लोरेंस बिस्नोई साबरमती जेल से तुम को कॉल करता है तो तुम कॉल क्यों नहीं उठाता है। तुम्हारा पता सब मालूम कर लिए हैं। तुम्हारा घर अर्जुन भवन पूर्णिया में है। तुम्हारा उल्टा गिनती आज से चालू हो गया। तुम्हारा 15 दिन के अन्दर में अर्जुन भवन को उड़ा देंगे। तुमको जब हम से सम्पर्क करना होगा तो मेरा नम्बर 6206823466 और 9817562627 है। जिस नाम से मिली धमकी, उसने कहा - वह मैं नहीं इस संबंध में कुंदन कुमार का कहना है कि वह प्राथमिक विद्यालय शाहपुर में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और फिलहाल पैक्स चुनाव के ट्रेनिंग के लिए जिला मुख्यालय में हैं। चिट्ठी में लिखा गया नाम, पता व माता-पिता का नाम बिल्कुल सही है। लेकिन, इस मामले के बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। उनके द्वारा ऐसा कोई भी चिट्ठी नहीं भेजा गया है। वायरल चिट्ठी की वजह से उन्हें कई कॉल आ चुका है। विभागीय ट्रेनिंग के दौरान ही उन्हें परिजनों एवं जान-पहचान के लोगों द्वारा मामले की जानकारी दी गई है। इस बीच पूरे घटनाक्रम को लेकर सुपौल के छातापुर से भाजपा विधायक सह सूबे के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि यह सबकुछ पप्पू यादव की ही नौटंकी है। सुर्खी में रहने और सुरक्षा बढ़वाने के लिए नौटंकी कर रहे हैं। उन्हें कौन शूट करेगा। उनको कोई धमकी दे सकता है? मजाकिया लहजे में कहा हम तो यहीं कहेंगे कि अगर कोई शूट करेगा तो हम उसको शूट कर देंगे। पप्पू यादव खुद ले रहे धमकी, उनको कोई दे नहीं रहा भारतीय जनता पार्टी के पीएचईडी मंत्री नीरज बबलू ने कहा कि पप्पू यादव जैसे नेता सुरक्षा बढ़वाने के लिए धमकी ले रहे हैं।



## पति के अवैध संबंध का विरोध करना पत्नी को पड़ा महंगा

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा जिले में पति के अवैध संबंध का विरोध करना पत्नी को भारी पड़ गया। पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र में पत्नी द्वारा पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर पति पत्नी के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है। बताया जाता है कि मुहम्मदपुर तेलिया पोखर निवासी अनिल कुमार प्रसाद अपने साथ एक महिला को घर में लाकर अवैध संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था।

बता दें कि विरोध करने पर पत्नी लक्ष्मी देवी की पति ने जमकर पिटाई कर दी और उसे बीच बचाव करने आए पुत्र और पुत्रवधु के साथ मारपीट कर तीनों को जख्मी कर दिया। पत्नी लक्ष्मी देवी बोलेरो में बैठाकर मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के निकट शरफुद्दीनपुर चौक पर रात के अंधेरे में छोड़कर भाग गया। वह किसी तरह वहां से अपने मायके चली गई, जहां मायके वालों ने उसका सरकारी अस्पताल में इलाज करवाया।

पीड़ित लक्ष्मी देवी का कहना है कि वह अपने पति का एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध का लगातार विरोध कर रही थी। लेकिन उसके पति की आदत में बिल्कुल सुधार नहीं आ रहा था। आदत इतनी खराब हो गई थी कि वह अब उस महिला को अपने घर में रखना चाहते थे, जिसका वह विरोध कर रही थी। इस कारण उसे उसके पति ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और उसे घर से भी निकाल दिया गया है। अभी फिलहाल वह अपने मायके में है।




वहीं, इस संबंध में कमतौल थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी फिलहाल थाना में इस तरह का कोई आवेदन नहीं मिला है। अगर पीड़ित पक्ष से आवेदन मिलेगा, तब उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# खालिस्तानी आतंकियों का पनाहगाह बना कनाडा

खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला की ओंटारियों में गिरफ्तारी के बाद कनाडा सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गोलीबारी की एक घटना के आरोप में अर्श को वहीं की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे भारत सरकार ने पिछले वर्ष वांछित आतंकवादी की सूची में डाल कर कनाडा से उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारत में उस पर कई हत्याओं के आरोप हैं। वह वहां हरदीप सिंह निज्जर के लिए काम करता है। वही निज्जर जिसकी हत्या को तूल देते हुए कनाडा सरकार ने भारत से अपने रिश्ते खराब कर लिए हैं और अब भी वह भारत को उकसाने से बाज नहीं आ रहा।भारत लगातार कहता रहा है कि कनाडा की जमीन पर कई खालिस्तानी आतंकी पनाह पाए हुए हैं और वहां से भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। मगर कनाडा ने कभी भारत की किसी अपील को गंभीरता से नहीं लिया। बल्कि वह वहां खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों को नजरअंदाज करता रहा। निज्जर हत्या मामले में वह अभी तक कोई सबूत नहीं पेश कर सका है, मगर वह भारतीय खुफिया एजंसियों, उच्चायोग के अधिकारियों, यहां तक कि गृहमंत्री पर भी आरोप लगा चुका है।कनाडा को अब भी यह बात समझ नहीं आ रही कि जिन आतंकियों को वह पोस रहा है, वे अब उसके लिए ही सिरदर्द बनते जा रहे हैं। उनमें भी अब कई गुट बन गए हैं और मामूली रंजिश पर भी एक-दूसरे पर गोली चलाने से परहेज नहीं करते। उनकी आपसी रंजिश के चलते भी कई खालिस्तानी आतंकी मारे जा चुके हैं। अर्शदीप की गिरफ्तारी के बाद निज्जर समूह की करतूतों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं।यह अच्छी बात है कि कनाडा अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है, मगर ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण देना और उनकी सुरक्षा के नाम पर दूसरे देश के साथ अपने वर्षों पुराने रिश्ते को दांव पर लगा देना कोई अच्छी कूटनीति नहीं हो सकती, जो दूसरे देश के लिए खतरे पैदा करते हों। कनाडा इस बात से अनजान नहीं कि भारत में खालिस्तान की मांग कितना संवेदनशील मुद्दा है। दो दोस्त देश एक-दूसरे की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता की फिक्र करते हैं। मगर कनाडा सरकार ने एक ऐसे व्यक्ति के लिए भारत के साथ बेवजह दुश्मनी का वातावरण बना दिया, जो भारत का वांछित आतंकवादी था।हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को कनाडा ने इतना बड़ा मुद्दा बना दिया है कि उसके लिए वह आए दिन भारत के खिलाफ कोई न कोई विवाद खड़ा करने या कड़ा कदम उठाने का प्रयास करता है। अभी उसका भारतीय छात्रों के शिक्षा संबंधी त्वरित वीजा पर पाबंदी का फैसला भी ऐसा ही कदम है। इस तरह के फैसलों से कनाडा खुद अन्य देशों की नजर में कमजोर साबित हो रहा है।

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

**गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता।**

**(ललित गर्ग )**

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढ़ेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है।



गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं। सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं।

# बेटे को बाइक नहीं, बेटी को मोबाइल नहीं?

**( नमिता जोशी )**

हाल ही में ड्राइविंग के दौरान मैंने एक ट्रक के पीछे यह स्लोगन देखा, तो मुझे काफी अजीब लगा। स्लोगन का पहला हिस्सा था 'बेटे को जिंदगी दो मगर बाइक नहीं' और दूसरा हिस्सा था 'बेटी को शिक्षा दो मगर मोबाइल नहीं।' पढ़ते ही सबसे पहला सवाल जो मेरे ज़हन में आया, वह यह था कि लड़का और लड़की की चिंता जताने वाले ये दोनों बयान एक-दूसरे से इतना अलग क्यों हैं? हो सकता है कि लिखने वाले का लड़का बाइक चलाता हो और लड़की मोबाइल और वह इस बात से परेशान हो तो क्या इसका मतलब यह है कि लड़के को बाइक ना सही, मोबाइल दे सकते हैं



और लड़की को बाइक? इस स्लोगन के छिपी हुई सोच कुछ और तो नहीं?

इसमें बेटे के लिए जो चिंता दिखाई गई है, हो सकता है वह इसलिए क्योंकि अगर उसे बाइक दी जाती है, तो वह रैश ड्राइविंग कर सकता है जो उसकी अपनी जिंदगी के लिए खतरा हो सकता है। सही बात है, हमारे आस-पास कई ऐसी घटनाएं होती हैं जहां लड़के रैश ड्राइविंग या नशे में बाइक चलाने की वजह से अपनी जिंदगी खो देते हैं या फिर किसी दूसरे की जिंदगी को खतरे में डाल सकते हैं। इसलिए यह स्लोगन एक तरह से एक जिम्मेदारी के अहसास को दिखाता है, जो लड़के की सुरक्षा और उसके जीवन के महत्व को समझाने की कोशिश करता है।

लेकिन इस स्लोगन का दूसरा हिस्सा, जो 'बेटी को शिक्षा दो मगर मोबाइल नहीं' के बारे में बात करता है, थोड़ा सा कन्फ्यूजिंग लगता है। यहां जो बात सबसे पहले सबसे ज्यादा चुभती है, वह यह है कि लड़कियों को शिक्षा दी जा रही है, मगर उन्हें मोबाइल नहीं देने का क्या मतलब है? क्या यह कहा जा रहा है कि लड़कियों को टेक्नोलॉजी से दूर रखा जाना चाहिए, उन्हें अपनी जिंदगी में कोई ऐसे टूल्स नहीं मिलने चाहिए जो उनकी आज़ादी को बढ़ाएं? लेकिन हम उल्टा क्यों सोचें। यह भी तो हो सकता है कि यह स्लोगन यह कहना चाहता हो कि मोबाइल की रेडिएशन सेहत के लिए खतरनाक हो सकती है या आंखों पर असर डाल सकती है। अगर इस तरह का लॉजिक दिया जा रहा है, तो ठीक है लेकिन अगर यह सच में सेहत की चिंता वाली बात है, तो फिर 'बेटे को बाइक नहीं' वाले स्लोगन के बजाय, यह सोच लागू करके 'बेटे को मोबाइल नहीं' क्यों नहीं लिखा गया?

अब दूसरी सोच जो इस स्लोगन के पीछे हो सकती है, वह यह हो सकती है कि लोग नहीं चाहते कि लड़कियां मोबाइल का इस्तेमाल करें। उन्हें यह डर हो सकता है कि अगर लड़की मोबाइल का इस्तेमाल करेगी, तो शायद वह गलत कॉन्टेंट देखेगी, सोशल मीडिया में वक्त बिताया करेगी या फिर किसी गलत रास्ते पर चल पड़ेगी। इस सोच का एक और पहलू यह है कि क्या यह उनकी पुरानी पुरुषवादी सोच को दर्शाता है, जहां लड़कियों को हमेशा 'कंट्रोल' किया जाता है? यह एक पुरानी मानसिकता को दर्शाता है जहां लोगों को लगता है कि लड़कियों को ज्यादा आज़ादी नहीं दी जानी चाहिए। अगर लड़की शिक्षित हो सकती है, तो क्या उसे पढ़ने लिखने के बाद भी अपना अच्छा-बुरा समझ नहीं आया है? क्या यह सिर्फ उनके लिए हैं जो चाहते हैं कि लड़की अपने घर के अंदर ही रहे, या जो नहीं चाहते कि लड़की अपनी आज़ादी को अपनाए?

इस स्लोगन का मूल रूप यह है कि लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग नियम कायदे और उम्मीदें रखी जा रही हैं। लड़के को बाइक ना देने के पीछे उनकी सेफ्टी का ख्याल रखा जा रहा है, लेकिन लड़की को मोबाइल न देने के पीछे उनकी आजादी और सशक्तिकरण को रोका जा रहा है।

# भारत के भविष्य की झलक है वायनाड जैसी आपदा ! डब्ल्यूएमओ की यह चेतावनी डराती है

**देश पर जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसी के मद्देनजर विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे सॉलो ने कहा है कि भारत को अपने मौसम विज्ञान के बुनियादी ढांचे में सुधार और विभिन्न खतरों को लेकर मजबूत अर्ली वॉर्निंग सिस्टम को अपनाना होगा। अजरबैजान के बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (काप29) में उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए भारत को यह करना ही होगा। सॉलो ने विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 'स्टेट ऑफ द क्लाइमेट 2024' रिपोर्ट के संदर्भ में यह बात कही।**

**(नवीन कुमार पाण्डेय )**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन का खतरा भारत पर मंडरा रहा है और देश को अपने मौसम विज्ञान ढांचे को मजबूत बनाने की तत्काल आवश्यकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष बनने की ओर अग्रसर है।

देश पर जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसी के मद्देनजर विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे सॉलो ने कहा है कि भारत को अपने मौसम विज्ञान के बुनियादी ढांचे में सुधार और विभिन्न खतरों को लेकर मजबूत अर्ली वॉर्निंग सिस्टम को अपनाना होगा। अजरबैजान के बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (काप29) में उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए भारत को यह करना ही होगा। सॉलो ने विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 'स्टेट ऑफ द क्लाइमेट 2024' रिपोर्ट के संदर्भ में यह बात कही। रिपोर्ट में चिंता जताई गई है कि वर्ष 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहने की ओर अग्रसर है।

**सबसे अधिक गर्म वर्ष बनने जा रहा 2024 !**

इस साल जनवरी से सितंबर तक वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.54 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। हालांकि, दशकों से चल रहे दीर्घकालिक उपायों के बावजूद यह वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे बनी हुई है। सॉलो ने कहा कि डब्ल्यूएमओ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के साथ मिलकर काम करता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र डब्ल्यूएमओ के तीन उपाध्यक्षों में से एक हैं।

उन्होंने कहा, भारत बहुत सक्रिय है और मौसम संबंधी सेवाओं को बढ़ाने के लिए अच्छे निवेश कर रहा है। लेकिन, इतना बड़ा देश होने के कारण भारत में सुधार की बहुत गुंजाइश है। खासकर मौसम सेवाओं को वेल्यू चेन में लाने में वक्त लगेगा।



मौसम विभाग और कृषि, स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन जैसे अन्य मंत्रालयों के बीच सक्रिय जुड़ाव महत्वपूर्ण है।

इस साल दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हमने जो रिकॉर्ड तोड़ बारिश और बाढ़, तेजी से तेज होती उष्णकटिबंधीय चक्रवात, घातक गर्मी, लगातार सूखा और भीषण आग देखी है, वह दुर्भाग्य से हमारी नई वास्तविकता है और हमारे भविष्य का पूर्वाभास है।

**चुस्त-दुरुस्त रहने की जरूरत**

सॉलो ने कहा कि डब्ल्यूएमओ मार्च में एक और विस्तृत रिपोर्ट जारी करेगा, जिसमें समुद्र के स्तर में वृद्धि के कारण क्षेत्रवार प्रभावों पर ध्यान दिया जाएगा। वायनाड भूस्खलन जैसी घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर डब्ल्यूएमओ चीफ ने कहा कि यही वह जगह है जहां मल्टि हैजर्ड वॉर्निंग सिस्टम काम आएगा। सॉलो ने कहा, एक ही समय में कई चीजें हो रही हैं। हमें समग्र तरीके से विश्लेषण और प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता है। हमें मौसम सेवाओं की आवश्यकता है और साथ ही, अन्य एजेंसियों को मिलकर काम करने और जोखिमों को समझने की आवश्यकता है। वायनाड भूस्खलन में 400 से अधिक लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा, भारत को भी समुद्र के स्तर में वृद्धि के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसकी लंबी तटरेखा और तटों के पास घनी आबादी के साथ खतरा हमारे सामने है।वायुमंडल में लगातार बढ़ते ग्रीनहाउस गैस स्तरों के कारण एक ही पीढ़ी में जलवायु परिवर्तन की गति अभूतपूर्व है। 2015-2024 रिकॉर्ड पर अब तक का सबसे गर्म दशक होगा।

**ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ता प्रकोप-** डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट जोर देकर कहती है कि 2014-2023 तक वैश्विक समुद्र स्तर में प्रति वर्ष 4.77 मिमी की दर से वृद्धि हुई है, जो 1993 और 2002 के बीच की दर से दोगुनी से अधिक है। अल नीनो इफेक्ट के कारण 2023 में यह और भी तेजी से बढ़ा। 2024 के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि अल नीनो के कम होने के साथ यह 2014 से 2022 तक बढ़ते रुझान के अनुरूप स्तरों पर वापस आ गया है। वायुमंडल में लगातार बढ़ते ग्रीनहाउस गैस स्तरों के कारण एक ही पीढ़ी में जलवायु परिवर्तन की गति अभूतपूर्व है। 2015-2024 रिकॉर्ड पर अब तक का सबसे गर्म दशक होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, जलवायु के कारण हो रही तबाही स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, असमानताओं को बढ़ा रही है, सतत विकास को नुकसान पहुंचा रही है और शांति की नींव को हिला रही है। सबसे कमजोर लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

**आपदाओं में दिख रही है भविष्य की झलक-** हालांकि, डब्ल्यूएमओ चीफ ने कहा, दैनिक, मासिक और वार्षिक समय सारिणी पर दर्ज वैश्विक तापमान विसंगतियों में बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं,




## कार्तिक पूर्णिमा पर राशि अनुसार भगवान विष्णु को अर्पित करें ये चीजें

सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विधिपूर्वक उपासना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से जातक के सभी पाप खत्म हो जाते हैं और श्रद्धा अनुसार दान करने से जातक को अन्न और धन की कमी नहीं होती है। कार्तिक पूर्णिमा पर विष्णु जी को विशेष चीजें अर्पित करनी चाहिए। पूर्णिमा के शुभ अवसर चन्द्रमा अपनी सभी कलाओं से परिपूर्ण रहता है। इसलिए इस तिथि पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के संग चंद्र देव की उपासना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूजा-अर्चना करने से साधक को सुख-शांति की प्राप्ति होती है। पंचांग के अनुसार, इस बार कार्तिक पूर्णिमा का पर्व 15 नवंबर को है। अगर आप दुख-संकट से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु को राशि अनुसार चीजें अर्पित करें। मान्यता है कि इससे जातक को मनचाहा करियर प्राप्त होता है और सभी समस्या दूर होती है।

### राशि अनुसार भगवान विष्णु को अर्पित करें ये चीजें

- मेष राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री हरि को लाल रंग के मौसमी फल अर्पित करना चाहिए।
- वृषभ राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री हरि को माखन-मिश्री अर्पित करना चाहिए।
- मिथुन राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु को मोर पंख अर्पित करना चाहिए।
- कर्क राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूजा के दौरान विष्णु जी को अखंडित चावल से बनी खीर अर्पित करनी चाहिए।
- सिंह राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु को गुड़ का भोग लगाना चाहिए।
- कन्या राशि के लोगों को कार्तिक पूर्णिमा के दिन दूध में केसर मिलाकर भगवान विष्णु जी को अर्पित करना चाहिए।
- तुला राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन केसर की खीर भगवान विष्णु को अर्पित करनी चाहिए।
- वृश्चिक राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा पर पंचामृत और तुलसी दल श्री हरि को अर्पित करना चाहिए।
- धनु राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा के दिन विष्णु भगवान को केले का भोग लगाना चाहिए।
- मकर राशि के लोगों को कार्तिक पूर्णिमा पर श्री हरि को नारियल अर्पित करना चाहिए।
- कुंभ राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु को सफेद रंग की मिठाई अर्पित करना चाहिए।
- मीन राशि के जातक को कार्तिक पूर्णिमा पर श्री हरि विष्णु को बेसन के लड्डू का भोग लगाना चाहिए।



भारत समृद्ध संस्कृतियों और विभिन्न धर्मों का देश है। कार्तिक पूर्णिमा एक त्योहार है जो हिंदू, सिख और जैनियों द्वारा पूर्णिमा/पूर्णिमा दिवस या कार्तिक महीने के पंद्रहवें चंद्र दिवस पर मनाया जाता है। उत्सव मनाने वालों के लिए यह साल का सबसे पवित्र महीना होता है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के संग चंद्र देव की उपासना करने का विधान है

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। कार्तिक पूर्णिमा इस वर्ष 15 नवंबर को मनाई जा रही है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार कार्तिक महीने की पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा और गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार साल का 8वां महीना कार्तिक महीना होता है।

- प्रत्येक वर्ष पंद्रह पूर्णिमाएं होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 16 हो जाती है। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन स्नान के समय यह श्लोक बोलना चाहिए- ''गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेस्मिन्संनिधिं कुरु।।'
- सृष्टि के आरंभ से ही यह तिथि बड़ी ही खास रही है। पुराणों में इस दिन स्नान, व्रत व तप की दृष्टि से मोक्ष प्रदान करने वाला बताया गया है। इसका महत्व सिर्फ वैष्णव भक्तों के लिए ही नहीं शैव भक्तों और सिख धर्म के लिए भी बहुत ज्यादा है।
- विष्णु के भक्तों के लिए यह दिन इसीलिए खास है क्योंकि भगवान विष्णु का पहला अवतार इसी दिन हुआ था। प्रथम अवतार में भगवान विष्णु मत्स्य यानी मछली के रूप में थे। भगवान को यह अवतार वेदों की रक्षा, प्रलय के अंत तक सप्तऋषियों, अनाजों एवं राजा सत्यव्रत की रक्षा के लिए लेना पड़ा था। इससे सृष्टि का निर्माण कार्य फिर से आसान हुआ।
- शिव भक्तों के अनुसार इसी दिन भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर नामक महाभयानक असुर का संहार कर दिया जिससे वह त्रिपुरारी के रूप में पूजित हुए। इससे देवगण बहुत प्रसन्न हुए और भगवान विष्णु ने शिव जी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेक नामों में से एक है। इसलिए इसे 'त्रिपुरी पूर्णिमा' भी कहते हैं।
- सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन सिख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरु नानक देव का जन्म हुआ था। इस दिन सिख सम्प्रदाय के अनुयायी सुबह स्नान कर गुरुद्वारों में जाकर गुरुवाणी सुनते हैं और नानक जी के बताए रास्ते पर चलने की सौगंध लेते हैं। इसे गुरु पर्व भी कहा जाता है।
- कार्तिक पूर्णिमा उत्सव दीपावली की भांति दीप जलाकर सायंकाल में मनाया जाता है।
- यह दिन एक नहीं बल्कि कई वजहों से खास है। इस दिन गंगा-स्नान, दीप दान, अन्य दानों आदि का विशेष महत्व है। इस दिन क्षीरसागर दान का अनंत महत्व है, क्षीरसागर का दान 24 अंगुल के बर्तन में दूध भरकर उसमें स्वर्ण या रजत की मछली छोड़कर किया जाता है।
- इस दिन चंद्र जब आकाश में उदित हो रहा हो उस समय शिवा, संभूति, संतति, प्रीति, अनुसूया और क्षमा इन छह कृतिकाओं का पूजन करने से शिव जी की प्रसन्नता प्राप्त होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन कृतिका में शिवशंकर के दर्शन करने से सात जन्म तक व्यक्ति ज्ञानी और धनवान होता है।
- ऐसा माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धापूर्वक गंगा स्नान करने से पूरे वर्षभर गंगा मइयां अपने भक्तों पर प्रसन्न रहती है। इस दिन तीर्थ स्नान की प्रथा है गंडक, कुरुक्षेत्र, अयोध्या, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, काशी में भी स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। अतः कार्तिक पूर्णिमा का दिन कई मायनों में बहुत खास हैं।
- कार्तिक मास की अमावस्या यानी दीपावली के 15 दिन बाद कार्तिक मास की पूर्णिमा पड़ती है जो अंधेरे का सर्वनाश करती है। अतः इस दिन ईश्वर आराधना से तामसिक प्रवृत्तियों का नाश होता है और धार्मिक ग्रंथों में इसे मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी बताया गया है।

## कब है देव दिवाली क्या करते हैं इस दिन

कार्तिक अमावस्या के बाद पूर्णिमा के दिन देव दिवाली मनाई जाती है। इस बार 15 नवंबर को देव दिवाली मनाई जाएगी। इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा इसलिए कहते हैं क्योंकि प्राचीन समय में इस तिथि पर शिवजी ने त्रिपुरासुर नाम के दैत्य का वध किया था। इसके अलावा मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर ही भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार भी लिया था। इसी दिन सिख गुरु नानकदेवजी का जन्म भी हुआ था। आओ जानते हैं कि क्या करते हैं इस दिन।

### दीपदान

इस दिन सभी नदी तीर्थ क्षेत्रों में घाटों और नदियों में दीपदान किया जाता है। देव दिवाली देवता मनाते हैं। मान्यताओं के अनुसार देव दीपावली के दिन सभी देवता गंगा नदी के घाट पर आकर दीप जलाकर अपनी प्रसन्नता को दर्शाते हैं। इसीलिए इस दिन गंगा स्नान कर दीपदान का महत्व है। इस दिन दीपदान करने से लंबी आयु प्राप्त होती है।

### तुलसी पूजा

इस दिन तुलसी के पौधे और शालिग्राम की पूजा की जाती है। कई राज्यों में तुलसी विवाह होता है।

### स्नान

इस दिन नदियों में स्नान करने का खास महत्व है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान करें। स्नान करने के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। स्नान के बाद दीपदान, पूजा, आरती और दान करें। इस दिन गंगा के तट पर स्नान कर दीप जलाकर देवताओं से किसी मनोकामना को लेकर प्रार्थना करें।





## कार्तिक पूर्णिमा पर बन रहे हैं 2 अद्भुत संयोग, इस शुभ मुहूर्त में पूजा करने से मिलेगा संपूर्ण फल

**कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार कई ऐसे दुर्लभ संयोग बन रहे हैं कि जिनमें पूजा करने और स्नान दान करने से आपको व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त होगा और आपकी सुख समृद्धि में कई गुना वृद्धि होगी। कार्तिक पूर्णिमा का व्रत बहुत शास्त्रों में बहुत ही महत्वपूर्ण बताया गया है। कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार कौन से संयोग बन रहे हैं और पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है।**

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी की जाती है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत करके उसके आतंक से देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना जाता है। इस दिन पूजापाठ के साथ दानपुण्य करने और गंगास्नान करने से आपके सभी कष्ट दूर होते हैं और कई जन्मों के पापों का अंत होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार दो बहुत ही शुभ संयोग बने हैं। इस शुभ योग में पूजा करने से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और साथ ही विशेष पुण्य की प्राप्ति होगी।

### कार्तिक पूर्णिमा पर बने हैं ये शुभ योग

कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा और मंगल एक-दूसरे की राशि में रहेंगे और राशि परिवर्तन योग बनाएंगे। इस दिन गजकेसरी योग और बुधादित्य राजयोग भी बन रहा है। साथ ही इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर शश राजयोग का शुभ संयोग भी बना हुआ है। इसी दिन शनि अपनी राशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। इन सभी शुभ योग में किया जाने वाला दान सौ गुना फल देगा और आपके सभी आर्थिक कष्ट दूर होंगे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा की शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर होगी और समापन 16 नवंबर को सुबह 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। इस दिन स्नान और दान का शुभ मुहूर्त सुबह 04 बजकर 58 मिनट से सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। भगवान सत्यनारायण की पूजा का समय सुबह 06 बजकर 44 मिनट से सुबह 10 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

### कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा के लाभ

कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान की पूजा करने का खास महत्व पद्म पुराण में बताया गया है। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाने आपके घर की शुद्धि होती है और हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से ग्रहदशा अनुकूल होती है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होकर परिवार के सभी लोगों को तरक्की प्रदान करती हैं।



## कब मनाई जाएगी गुरु नानक जयंती

गुरु नानक जयंती हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस दिन को गुरु नानक प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व सिख समुदाय के लोगों के लिए सबसे बड़ा उत्सव है। गुरु नानक जयंती हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस दिन को गुरु नानक प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व सिख समुदाय के लोगों के लिए सबसे बड़ा उत्सव है। इस दिन को सिख समुदाय के लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं। गुरु नानक जी को सिख समुदाय का पहला गुरु माना जाता है। गुरु नानक जयंती के दिन गुरुद्वारों में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम किया। गुरु नानक जयंती के दिन पूरे दिन भजन कीर्तन किए जाते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं गुरु नानक जयंती किस दिन मनाई जाएगी और इसका क्या महत्व है।

### गुरु नानक जयंती तिथि

गुरु नानक जयंती का त्योहार हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस वर्ष गुरु नानक जयंती 15 नवंबर को मनाई जाएगी। इस त्योहार के दिन गुरु नानक जी को याद किया जाता है।



## गुरु नानक की सीख सोच की दिशा बदल देगी

**हर वर्ष कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को सिख धर्म के पहले गुरु, गुरु नानक देव की जयंती मनाई जाती है। जिसे गुरु पर्व या प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। यहां जानिए गुरु नानक देव जी के अनमोल विचार -**

- गुरु नानक देव कहते हैं हर मनुष्य को सबसे पहले खुद की बुराइयों और गलत आदतों पर विजय पाने की कोशिश करनी चाहिए।
- हर इंसान को हमेशा अच्छे और विनम्र सेवाभाव से अपना जीवन गुजारना चाहिए, क्योंकि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन होता है, अतः मनुष्य को अहंकार नहीं करना चाहिए।
- गुरु नानक देव स्त्री और पुरुष में कोई फर्क नहीं समझते थे, वे कहते थे कभी भी महिलाओं का अनादर नहीं करना चाहिए।
- हमेशा तनाव मुक्त रहकर हमें अपने कर्म को निरंतर करते रहना चाहिए और हमेशा खुश रहना चाहिए।
- गुरु नानक देव जी कहते थे कि हमें हमेशा लोभ का त्याग करना चाहिए और मेहनत से अपना धन कमाकर जीवन जीना चाहिए।
- हमें जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।
- सभी मनुष्यों को एक-दूसरे को प्रेम, एकता, समानता और भाईचारे का संदेश देना चाहिए। जब मन में पाप से अपवित्र हो जाए तब ईश्वर का नाम लेने रहने से वह निर्मल हो जाता है।
- गुरु नानक देव जी ने 'इक ओंकार का नारा' दिया था। वे कहते थे कि सबका पिता एक है इसलिए सभी लोगों को एक-दूसरे से प्रेम करना चाहिए।
- गुरु नानक देव जी के अनुसार भगवान एक है और वह हर जगह पर मौजूद है।
- धन को कभी भी अपने ह्रदय से लगाकर नहीं रखना चाहिए, उसका स्थान हमेशा जेब में ही होना चाहिए। तभी आप लालच और अहंकार से दूर रह पाएंगे।

# कोविड के दौरान भारत की दरियादिली का तोहफा; मोदी को सबसे बड़ा सम्मान देगा अफ्रीकी देश

**डोमिनिका एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अफ्रीका यात्रा से पहले अफ्रीकी देश डोमिनिका ने पीएम मोदी को देश का सबसे बड़ा सम्मान देने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और भारत और डोमिनिका के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उनके समर्पण के सम्मान में डोमिनिका पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करेगा। गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह ऐलान किया गया है कि डोमिनिका के राष्ट्रमंडल की अध्यक्ष सिल्वेनी बर्टन आगामी भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह सम्मेलन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाला है। गौरतलब है कि पीएम मोदी 16 से 21 नवंबर तक के लिए अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा रहे हैं।



डोमिनिका के प्रधानमंत्री स्केरिट ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ भी की है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी डोमिनिका के सच्चे साथी रहे हैं। खासकर वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच हमारी जरूरत के समय में। उनके समर्थन के लिए हमारी कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में और हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रतिबिंब के रूप में उन्हें डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करना सम्मान की बात है। हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने और अपने साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

**भारत नें भिजवाई थी वैक्सीन की 70,000 खुराकें:** कोरोना महामारी के दौरान फरवरी 2021 में भारत ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराकें भिजवाई थी। डोमिनिका ने कहा है कि इससे उन्हें अपने साथ साथ पड़ोसी कैरेबियाई देशों की मदद का भी अवसर मिला। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि यह पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को भी मान्यता देता है।

**भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम:** पुरस्कार की पेशकश को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक संघर्षों जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने इन मुद्दों को हल करने में डोमिनिका और कैरिबियन देशों के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की बात को दोहराया भी है। पीएम मोदी डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट के साथ भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे जो भारत और कैरिकॉम सदस्य देशों के बीच सहयोग के लिए एक मंच है।

# जहर फैला रहे मस्क; ब्रिटिश अखबार ने बंद किया एक्स का इस्तेमाल, फ्रांस में मुकदमा

**लंदन , एजेंसी।** एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की नई बनने वाली टीम में जगह बना ली है। हालांकि अब मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। एक तरफ ब्रिटिश डेली द गार्जियन ने एक्स को जहरीला बताते हुए इसका उपयोग बंद करने का फैसला किया है। वहीं, दूसरी तरफ लग्जरी कंपनी लुइ विटां के प्रमुख बनार्ड अरनॉल्ट एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानूनी कदम उठाने जा रहे हैं। फ्रांसीसी अखबारों के एक समूह का भी आरोप है कि एक्स उनका कंटेंट इस्तेमाल करने के बदले उन्हें भुगतान नहीं कर रहा है।

द गार्जियन के एक्स पर 20 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। अब इसके एक्स हैंडल को आर्काइव कर दिया गया है। हालांकि उसके पत्रकार खबरें जुटाने के लिए इसका इस्तेमाल करते रहेंगे। 200 साल पुराने दिग्गज मीडिया संस्थान द गार्जियन काफी समय से एक्स से बाहर निकलने की सोच रहा था। अमेरिकी चुनाव में जिस तरह से



इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का यूज हुआ उसको देखते हुए मीडिया कंपनी ने अपने फैसले पर मुहर लगा दी। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की नींव 1821 में पड़ी थी और तब इसका नाम मैनचेस्टर गार्जियन था। साल 1959 में इसका नाम बदला गया और यह लंदन गया। गार्जियन ने एक नोट में एक्स बॉस एलन मस्क को प्लेटफॉर्म पर जहर फैलाने में इस्तेमाल का दोषी ठहराया। गौरतलब है कि मस्क ने ट्रंप के चुनावी अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब वह ट्रंप की खास टीम का हिस्सा भी होंगे। गार्जियन ने 13 नवंबर को लिखे एक लेख में कहाकि एक्स पर नुकसान ज्यादा और फायदा कम है। बेहतर होगा कि हम अपनी खबरों का प्रमोशन कहीं और करें।

## संक्षिप्त समाचार

### डोनाल्ड ट्रंप की अपनी पत्नी से ठीक नहीं हैं संबंध? व्हाइट हाउस में नहीं रहेंगी मेलानिया

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की फर्स्ट लेडी यानी की नए नवेले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप उनके साथ व्हाइट हाउस में नहीं रहेंगी। अभी तक यह बात सूत्रों के हवाले से सामने आ रही है। इसकी पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो अमेरिका के इतिहास में शायद यह पहली बार होगा। इससे पहले जब 13 नवंबर को ट्रंप वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलने के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे तो मेलानिया उनके साथ नहीं थीं। अमेरिका में यह मुलाकात एक प्रतीकात्मक कदम होती है, जिसमें पहली महिला और दूसरी महिला के बीच परिचय और स्वागत की प्रक्रिया होती है। हालांकि, मेलानिया ने अपनी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए इसमें भाग नहीं लिया। उनकी ऑफिस ने एक्स पर इस बात की पुष्टि की कि वह इस बैठक में शामिल नहीं होंगी। मेलानिया ट्रंप का यह कदम दर्शाता है कि इस बार वह पहले से अधिक स्वतंत्र रूप से काम करेंगी। वह पहले भी व्हाइट हाउस में चार साल रह चुकी हैं। उनके पास अब अधिक अनुभव और ज्ञान है। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि इस बार स्थिति अलग है। मेरे पास पहले से ज्यादा अनुभव और जानकारी है। जब आप अंदर जाते हैं तो आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। सूत्रों के अनुसार, मेलानिया ट्रंप का अधिकांश समय न्यूयॉर्क शहर और फ्लोरिडा के पाम बीच में बीतने की संभावना है। फ्लोरिडा में उनका अपना घर और कई सारे दोस्ट हैं। वह वहां अपने समय का अधिकांश हिस्सा बिताने का विचार कर रही हैं। न्यूयॉर्क में ट्रंप टॉवर में भी उनका काफी समय गुजरने की उम्मीद है, जहां उनका बेटा बैरन ट्रंप न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा है।

### राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों के बाद पहली बार मिले बाइडेन और ट्रंप, सत्ता सौंपने को लेकर हुई चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिकी परंपरा के तहत सत्ता के सहज हस्तांतरण का संकल्प जताया। एक संक्षिप्त बैठक में दोनों नेताओं ने देश को अगले वर्ष 20 जनवरी को शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का आश्वासन दिया। बाइडेन ट्रंप का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया। बाइडेन ने ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा कि वह एक सहज सत्ता हस्तांतरण की आशा करते हैं। ट्रंप ने कहा, ''राजनीति कठिन है और कई मामलों में यह बहुत अच्छी दुनिया नहीं है, लेकिन आज यह एक अच्छी दुनिया है, और मैं इसकी बहुत सराहना करता हूं। यह बदलाव बहुत सहज है और यह जितना संभव हो उतना सहज होगा।

### ईरान ने कई महिलाओं से रेप के दोषी को सरेआम फांसी पर लटकाया

**तेहरान।** पिछले दो दशक में कई महिलाओं से दुष्कर्म के दोषी एक ईरानी व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी अखबार ने बताया कि देश के उच्चतम न्यायालय ने अक्टूबर की शुरुआत में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा बरकरार रखी थी जिसके बाद उसे फांसी दे दी गयी। उसे मंगलवार सुबह पश्चिमी हमेदान शहर में एक कब्रिस्तान में मौत की सजा दी गयी। करीब 200 महिलाओं ने दवा की दुकान और एक जिम चलाने वाले 43 वर्षीय सलामत पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। ऐसा आरोप था कि उसने पिछले 20 वर्ष में कई अपराधों को अंजाम दिया। ईरानी मीडिया में आयी खबरों में कहा गया है कि कई मामलों में सलामत ने महिलाओं को शादी का प्रस्ताव देने के बाद या प्रेम प्रसंग के दौरान उनका दुष्कर्म किया। उसने कुछ महिलाओं को कथित तौर पर गर्भपात की दवाएं भी दीं जो ईरान में गैरकानूनी है। उसे जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। इसे ईरान में एक अपराधी द्वारा दुष्कर्म के सबसे अधिक अपराध को अंजाम देने का मामला बताया जा रहा है।

# रिपब्लिकन ने ट्रंप के वफादार रिक स्कॉट को नकारा, जॉन थून को चुना अमेरिकी सीनेट का नेता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी द्वारा दक्षिण डकोटा के सीनेटर जॉन थून को नया नेता चुनना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम माना जा रहा है, खासकर तब जब आने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के लिए सीनेट की भूमिका और प्राथमिकताओं का निर्धारण हो रहा है। इस चुनाव में थून ने टेक्सास के अनुभवी सीनेटर जॉन कॉर्निन को हरा दिया, और फ्लोरिडा के सीनेटर रिक स्कॉट, जो ट्रंप के प्रमुख समर्थक माने जाते हैं, को भी पीछे छोड़ दिया।

रिक स्कॉट, जो पूर्व फ्लोरिडा गवर्नर हैं और ट्रंप के प्रति अपनी निष्ठा के लिए जाने जाते हैं, को ट्रंप समर्थकों का पसंदीदा उम्मीदवार माना जा रहा था। उन्होंने ट्रंप के सभी प्रमुख नीतिगत एजेंडों को समर्थन देने का वादा किया था और उम्मीद जताई जा रही थी कि यदि वे नेता बनते हैं, तो ट्रंप का प्रभाव सीनेट में बढ़ जाएगा। हालांकि, ट्रंप ने स्कॉट की अलोकप्रियता को भांपते हुए उन्हें खुला समर्थन देने से बचा। सीनेट, जो अपने स्वतंत्र और संरचनात्मक अधिकार को प्राथमिकता देती है, इस चुनाव में अपने पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने की ओर झुकी नजर आई। जॉन थून को सीनेट का एक पारंपरिक रिपब्लिकन नेता माना जाता है, और वे पुराने नेता मिच मैककोनेल के करीबी हैं, जिनका लंबे समय से सीनेट पर गहरा प्रभाव रहा है। यह चुनाव इस बात का संकेत भी है कि रिपब्लिकन पार्टी के कई सदस्य ट्रंप के प्रभाव को सीनेट में सीमित रखना चाहते हैं और एक अधिक स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं। जॉन थून सीनेट में एक अनुभवी नेता हैं और वे रिपब्लिकन पार्टी के भीतर परंपरावादी विंग के महत्वपूर्ण सदस्य माने जाते हैं। उनकी जीत से संकेत मिलता है कि पार्टी में अब भी परंपरावादी दृष्टिकोण का प्रभाव है और वे एक स्थिर नेतृत्व में विश्वास रखते हैं, जो अत्यधिक पक्षपातपूर्ण नीतियों से दूर रहे। थून और कॉर्निन के खिलाफ ट्रंप के समर्थकों ने मजबूत अभियान चलाया। वे सीनेटरों पर व्यक्तिगत दबाव बना रहे थे ताकि ट्रंप समर्थित रिक स्कॉट को जीत मिल सके, लेकिन यह रणनीति उल्टी पड़ गई और कई सीनेटर इस दबाव से नाराज हुए।

# ट्रंप का एक और शॉकिंग फैसला, विवादास्पद मैट गेट्ज़ को चुना अटॉर्नी जनरल, रिपब्लिकन नेताओं ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पद के लिए फ्लोरिडा के कांग्रेस सदस्य मैट गेट्ज़ को नामांकित किया है, जिससे वॉशिंगटन डीसी में हलचल मच गई है। ट्रंप की इस नियुक्ति ने सभी को चौंका दिया है और यह स्पष्ट संदेश देती है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता के परंपरागत ढांचे को चुनौती देने का इरादा रखते हैं। मैट गेट्ज़ अपने विवादास्पद बयानों और आक्रामक रवैये के लिए जाने जाते हैं। 2018 में उन्होंने स्टेट ऑफ द यूनियन में एक विवादास्पद शख्स को बुलाया था और बंदूक नियंत्रण पर अपनी राय से असहमत लोगों को सुनवाई से बाहर करने की कोशिश की थी। उनकी तीखी शैली ने उन्हें कई दुश्मन बना दिए हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन भी शामिल हैं। ट्रंप की ये नियुक्ति यह दर्शाती है कि उनका अगला प्रशासन उनके प्रति निष्ठावान लोगों से भरा होगा। कई रिपब्लिकन नेताओं ने गेट्ज़ की



नियुक्ति पर नाराजगी जताई है। अलास्का की सीनेटर लिसा मर्कोवस्की ने कहा कि उन्हें यह नामांकन अप्रत्याशित लगा। वहीं हाउस स्पीकर माइक जॉनसन, जो ट्रंप के समर्थक हैं, ने गेट्ज़ को योग्य वकील बताया और कहा कि वे न्याय विभाग में सुधार ला सकते हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि गेट्ज़ न्याय विभाग में फैले कथित भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे और इसे असली मकसद पर लौटाएंगे। ट्रंप के खिलाफ की गई जांचों का बदला लेने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए गेट्ज़ को मुख्य भूमिका दी जा रही है।

हालांकि, गेट्ज़ खुद भी न्याय विभाग की जांच के दायरे में रहे हैं। पिछले साल उन पर बहामास की यात्रा में यौन तस्करी कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप थे, लेकिन विभाग ने उन्हें आरोपों से मुक्त कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की नैतिकता समिति उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपों की जांच कर रही थी, लेकिन उनके सांसद पद से इस्तीफे के बाद जांच बंद हो गई है। गेट्ज़ ने इन सभी आरोपों का खंडन किया है। गेट्ज़ के पास कानून की डिग्री है और उन्होंने कांग्रेस में आठ साल बिताए हैं, लेकिन उनके पास किसी वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की तरह व्यापक अनुभव नहीं है। सीनेट उनके नामांकन की पुष्टि करेगी, और वहां उन्होंने कई नेताओं को नाराज किया हुआ है।

# 10 साल की मासूम को पीटकर मार डाला, 25 हड्डियां टूटीं; पाकिस्तानी पिता की क्रूरता

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में पाकिस्तानी मूल के एक शख्स ने बेहद क्रूरतापूर्ण ढंग से अपनी बेटी की हत्या कर डाली। महज 10 साल की मासूम की इतनी निर्ममता से पिटाई की गई थी कि रूह कांप जाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उसके शरीर की 25 से ज्यादा हड्डियां टूटी हुई थीं। शरीर को जगह-जगह जलाया गया था और इंसान के काटने के निशान भी थे। यह घटना साल 2023 की है। अब लड़की के पिता ने स्वीकार किया है कि उसने ही अपनी बेटी को मारा है। हत्या करने के बाद वह अपनी पत्नी और भाई के साथ पाकिस्तान भाग गया। उसने इस्लामाबाद से फोन करके



ब्रिटिश पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी को बहुत ज्यादा पीटा है।

10 साल की सारा शरीफ 10 अगस्त 2023 को दक्षिण पश्चिमी लंदन में अपने बेड पर मृत अवस्था में मिली थी। सारा के शरीर पर चोट के काफी ज्यादा निशान थे। उसकी हड्डियां टूटी हुई थीं और शरीर जलने और काटने के निशान भी थे। पिता उरफान शरीफ 42, अपनी पत्नी 30 साल की बेइनाश बतूल और लड़की के चाचा फैसल मलिक 29 उसका शव मिलने के एक दिन पहले ही पाकिस्तान चले गए थे। इस्लामाबाद पहुंचने के बाद उसके पिता ने ब्रिटिश पुलिस को फोन किया था। उरफान ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी को बहुत ज्यादा पीटा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया गया कि सारा की करीब 25 हड्डियां टूटी थीं। इतना ही नहीं, शरीर पर जलाने और इंसान के काटने के निशान भी थे। लेकिन उरफान का कहना है कि उसने ऐसा नहीं किया है। आरोपियों को 13 सितंबर को लंदन वापस आने पर गिरफ्तार किया गया।

# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में 'कश्मीर की आजादी' पर बहस; ब्रिटेन के हिंदुओं ने जताई कड़ी आपत्ति

**लंदन, एजेंसी।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की डिबेटिंग सोसाइटी ऑक्सफोर्ड यूनियन ने कश्मीर की आजादी पर एक कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। यह डिबेट कश्मीर के मौजूदा परिदृश्यों पर आधारित होगी। सोसायटी के मुताबिक पैनलिस्टों में जस्टिस फाउंडेशन और कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट का नेतृत्व करने वाले डॉ. मुजम्मिल अय्यूब ठाकुर, जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के डिप्लोमैटिक ब्यूरो के अध्यक्ष प्रोफेसर जफर खान और पूर्व प्रधानमंत्री वी पी सिंह के मीडिया सलाहकार रह चुके प्रेम शंकर झा भी शामिल होंगे। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में ऑक्सफोर्ड यूनियन ने बताया, गुरुवार 14 नवंबर को हम यह सदन आजाद कश्मीर में विश्वास करता है प्रस्ताव पर बहस की मेजबानी करेंगे। कश्मीर का मुद्दा ब्रिटिश शासन की देन है। 1947 से यहां के लोग भुगत रहे हैं। कश्मीर की आजादी के लिए लगातार संघर्ष जारी है। इससे कश्मीरियों के बीच अशांति



फैली हुई है। परमाणु हथियारों से लैस भारत और पाकिस्तान इस पर नियंत्रण और भू-राजनीतिक प्रभाव के लिए होड़ करते हैं लेकिन कश्मीरियों को आजादी चाहिए। क्या एक स्वतंत्र कश्मीर इस स्थायी संकट का जवाब हो सकता है? ऑक्सफोर्ड यूनियन ने लिखा, प्रस्ताव के लिए सबसे पहले डॉ. मुज़म्मिल अय्यूब ठाकुर बोलेंगे। डॉ. ठाकुर कश्मीरी स्वतंत्रता कार्यकर्ता हैं जो कश्मीर पर भारतीय के तथाकथित नियंत्रण का विरोध करते हैं।

# ब्राजील में सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मघाती हमला

**टोरंटो , एजेंसी।** ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में बुधवार यानि कि 13 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के बाहर एक आत्मघाती बम विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना ब्राजील के सबसे महत्वपूर्ण सरकारी क्षेत्र, प्राका दोस ट्रेस पोदेरस में हुई, जहां कई प्रमुख सरकारी इमारतें स्थित हैं। घटना के बाद तुरंत ही न्यायाधीशों और कोर्ट के सभी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर निकाल लिया गया।

घटना के दौरान, एक वीडियो सामने आया जिसमें दो विस्फोटों को देखा गया। इन दोनों विस्फोटों के बीच 20 सेकंड का अंतर था। यह धमाका उस वक्त हुआ जब कोर्ट परिसर के आसपास कई लोग मौजूद थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई और गंभीर घायल नहीं हुआ।

वहीं घटना के बाद, ब्राजील की संघीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस आत्मघाती हमले का उद्देश्य क्या था और हमलावर के पीछे कौन लोग थे। पुलिस ने सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है और स्थिति को लेकर कोई भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले



पूरी जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रही है। इस हमले ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताओं को जन्म दिया है। ब्रासीलिया जैसे संवेदनशील इलाके में हुए इस आत्मघाती विस्फोट ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों से निपटने के लिए सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाएगा। हालांकि हमलावर की पहचान अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन यह घटना ब्राजील में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और खतरों को उजागर करती है।

# एक्सपर्ट्स की चेतावनी- टॉयलेट सीट पर 10 मिनट से ज्यादा बैठना हो सकता खतरनाक

**लंदन, एजेंसी।** आजकल कई लोग टॉयलेट में जाकर मोबाइल चलाने या अखबार पढ़ने में इतना मशगूल हो जाते हैं कि वक्त का ध्यान ही नहीं रहता। लेकिन क्या आप जानते हैं कि टॉयलेट सीट पर ज्यादा देर तक बैठना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है? एक्सपर्ट्स के अनुसार, टॉयलेट सीट पर 10 मिनट से ज्यादा बैठने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। टेक्सास साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर के कोलोरेक्टल सर्जन डॉ. लाई जू का कहना है कि लंबे समय तक टॉयलेट सीट पर बैठने से बवासीर और कमजोर पेल्विक मसल्स का खतरा बढ़ता है। उनके अनुसार, टॉयलेट में अधिक समय



बिताने वाले लोग अक्सर इन्हीं समस्याओं के कारण डॉक्टर के पास पहुंचते हैं।

स्टोनी ब्रुक मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर और इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज सेंटर की डायरेक्टर डॉ. फराह मोंजूर ने बताया कि टॉयलेट में 5 से 10 मिनट से ज्यादा समय बिताना नुकसानदायक हो सकता है। लंबे समय तक बैठे रहने से पेल्विक एरिया पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे एनल मसल्स कमजोर हो सकती हैं और पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। टॉयलेट सीट की ओवल शेप बट को संकुचित करती है और शरीर के निचले हिस्से को नीचे की ओर खींचती है। इसके कारण ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है, जिससे बवासीर जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। डॉ. जू के अनुसार, टॉयलेट सीट पर लंबे समय तक बैठने से लोअर रेक्टम की नसों पर दबाव बढ़ता है, जिससे नसें खून से भर जाती हैं और बवासीर का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. मोंजूर का कहना है कि जबरदस्ती दबाव डालने से भी बवासीर का खतरा बढ़ता है। टॉयलेट में फोन या मैगज़ीन के कारण लोग ध्यान भटकाकर बैठने का समय बढ़ा लेते हैं और मसल्स पर दबाव डालते रहते हैं, जिससे समस्याएं हो सकती हैं। टॉयलेट में फोन, मैगज़ीन या किताबें ले जाने से बचना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में डिजिटल क्रांति की लहर ने पूरे देश की रूप रेखा बदल दी है। जिसको लेकर आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा, देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को रफ्तार दे रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में देश की जीडीपी का 10वां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए 2026 तक इसके जीडीपी का 5वां हिस्सा बनने की संभावना है।

पात्रा ने एक कार्यक्रम में कहा वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण से कागज के इस्तेमाल में 84 टन की कमी आई है। ग्राहकों के बैंकों तक आने-जाने में चार लाख लीटर ईंधन की बचत हुई है। इसके अलावा, हर महीने कुल 14,500 कार्य दिवस बचत हुई। ग्राहकों को जोड़ने की लागत में 25-30 फीसदी और शाखाओं में ग्राहकों को इंतजार में लगने वाले समय में 40 फीसदी कमी आई है।

इसके साथ ही पात्रा ने कहा कि भारतीय बैंकों के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि सभी ने मोबाइल-इंटरनेट बैंकिंग लागू की है। 75 फीसदी ऑनलाइन खाता खोलने, डिजिटल केवाईसी और डिजिटल तरीके से घर तक बैंक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। 60 फीसदी डिजिटल माध्यम से कर्ज और 50 फीसदी भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### 41 फीसदी बैंक ग्राहक सुविधा के लिए चैटबॉट का उपयोग करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 वर्षों के दौरान सालाना 20 लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्तियों यानी मध्य वर्ग पर टैक्स का बोझ कम हुआ है। साथ ही, 50 लाख रुपये से ज्यादा वार्षिक आय वाले लोगों पर करों का बोझ बढ़ा है।

आयकर रिटर्न यानी आईटीआर के आंकड़ों के मुताबिक, जिन लोगों की व्यक्तिगत सालाना आय 50 लाख रुपये से ज्यादा रही है, उनकी संख्या बढ़कर 2023-24 में 9.39 लाख हो गई है। 2013-14 के 1.85 लाख की तुलना में यह पांच गुना ज्यादा है। साथ ही, इन करदाताओं की आयकर देनदारी 2014 के 2.52 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

एक सूत्र ने कहा, आयकर का 76 फीसदी हिस्सा सालाना 50 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों से वसूला जाता है। इससे मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम हुआ है। इसके अलावा, सरकार द्वारा लागू किए गए मजबूत कर चोरी और काले धन विरोधी कानूनों के कारण 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

2.5 से 7 लाख रुपये के बीच कमाने वालों की आयकर देनदारी 2023-24 में औसतन 43,000 रुपये थी। यह उनकी आय का लगभग 4-5 प्रतिशत है। यह आंकड़ा उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की तुलना में काफी कम है।

### सुपर्ब आइडियाज़ ट्रेंडिंग की यूट्यूब सीरीज़ को 'पति पत्नी और बेबी' के रूप में कलर्स पर नया घर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** घर वह जगह है जहां आपका मन बसता है! जबकि यह साल खत्म होने वाला है, इसलिए अपने प्रियजनों के साथ बैठकर पारिवारिक ज़िंदगी की अनोखी मस्ती का आनंद लेने का इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। 2024 के फिनाले को और भी खास बनाते हुए, कलर्स 'पति पत्नी और बेबी' नाम से सुपर्ब आइडियाज़ ट्रेंडिंग की पसंदीदा यूट्यूब सीरीज़ पेश कर रहा है। यह सहयोग यूट्यूब की लोकप्रिय सीरीज़ की हंसी, प्यार और छोटी-मोटी तकरार को टेलीविजन पर लेकर आया है। जिसका उद्देश्य देश भर के परिवारों को उनके लिविंग रूम में ह्यूमर का नवीन डोज़ पेश करना है। दैनिक जीवन की स्थितियों को लेकर शादी और परिवार से जुड़े दिलचस्प किस्सों से भरपूर, इस मज़ेदार स्लाइस-ऑफ़-लाइफ़ शो में कई बेहतरीन कलाकार हैं- छवि मित्तल तुनकमिजाज़ी रोहिणी हैं।

आदित्य विक्रम बिड़ला...

# देश के पहले उद्योगपति जिन्होंने विदेश में पहुंचाया कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। आदित्य बिड़ला ग्रुप को कौन नहीं जानता। यह ग्रुप आज देश के बड़े उद्योग घरानों में एक है। इस ग्रुप की शुरुआत भी बहुत खास रही है। इस ग्रुप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का श्रेय आदित्य विक्रम बिड़ला को जाता है। आदित्य विक्रम बिड़ला इस ग्रुप के मौजूदा चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के पिता थे। विक्रम बिड़ला देश के ऐसे शख्स थे जो कारोबार को देश के बाहर लेकर गए।

आदित्य विक्रम बिड़ला का जन्म 14 नवंबर 1943 को एक व्यापारी घराने में हुआ था। उनके पिता बसंत कुमार थे। बसंत कुमार कॉटन, पॉलिस्टर आदि कारोबार से जुड़े हुए थे। ऐसे में कारोबार की बारीकियां सीखने में विक्रम बिड़ला को बहुत ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। अक्टूबर 1995 में मात्र 51 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। आज उनके जन्मदिन पर जानें कि उन्होंने ग्रुप को किस प्रकार नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उनके बिजनस मंत्र क्या थे।



### अमेरिका से की इंजीनियरिंग

विक्रम बिड़ला ने कोलकाता के सेंट जेवियर कॉलेज से पढ़ाई की थी। इसके उन्होंने अमेरिका की प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से केमिकल इंजीनियरिंग में डिग्री ली। पढ़ाई के बाद वह 1965 में भारत लौट आए और परिवार के टेक्सटाइल कारोबार से जुड़ गए।

### विदेश में फैलाया कारोबार

बिड़ला ग्रुप के कारोबार को विदेश तक फैलाने में विक्रम बिड़ला का बड़ा योगदान माना जाता है। 24 साल की उम्र में उन्होंने ग्रुप का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया था। साल 1969 में उन्होंने इंडो-थाई सिंथेटिक कंपनी लिमिटेड की स्थापना की। यह इस ग्रुप की पहली ऐसी कंपनी थी जो विदेश में थी। इसके बाद साल 1973 में इन्होंने स्पन यार्न बनाने के लिए पीटी एलिगेंट टेक्सटाइल की स्थापना की। यह ग्रुप का इंडोनेशिया में पहला वेंचर था।

विक्रम बिड़ला के कारोबार को सिर्फ टेक्सटाइल तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने ऑइल सेक्टर में भी कदम रखा। साल 1977 में उन्होंने पैन सेंचुरी एडिबल ऑइल को मलेशिया में शुरू किया। यह बाद में दुनिया का सबसे बड़ी सिंगल लोकेशन पाम ऑइल रिफाइनरी बन गई। इसके अलावा इन्होंने कई और बिजनस को विदेशों तक पहुंचाया। उन्होंने देश के बाहर 19 कंपनियों की स्थापना की थी।

### विक्रम बिड़ला के सफलता के मंत्र

विक्रम बिड़ला का मानना था कि लोगों को जीवन में रिस्क लेना चाहिए। फेल होने से डरना नहीं चाहिए। कई कारोबार में नुकसान होने के बाद भी वह चीजों का सामना करने से डरे नहीं।

किसी को कारोबार को शुरू करने से पहले उसके बारे में विजन स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उनकी थाईलैंड में शुरू की गई कंपनी में दिखाई देता है। यह कंपनी काफी सफल हुई थी।


इनका भी मंत्र था कि लोगों को बड़े सपने देखने चाहिए। विक्रम बिड़ला ने भी 24 साल की उम्र में अपने बड़े सपनों के बारे में तय कर लिया था। वे इनमें कामयाब भी हुए।

### आज बेटा संभालता है कारोबार

बिड़ला ग्रुप वैसे तो परिवार में बंट चुका है लेकिन इसका मुख्य कारोबार विक्रम बिड़ला के बेटे कुमार मंगलम बिड़ला के हाथ में है। आज यह ग्रुप दुनिया के कई देशों में कारोबार करता है। साथ ही इनका कारोबार कई सेक्टर में फैला हुआ है।

# निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के आईपीओ में निवेशकों की हुई 6 फीसदी की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनरल इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनी निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के आईपीओ में निवेशकों को पहले दिन ही छह फीसदी से ज्यादा की कमाई हो गई। इसका 10 रुपये फेस वैल्यू का एक शेयर निवेशकों को 74 रुपये में मिला था। आज बीएसई में यह 78.50 रुपये यानी इश्यू प्राइस से 4.50 रुपये या 6 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ कर लिस्ट हुआ।




### शेयर बाजार में क्या रही चाल

गुरुवार की सुबह 10 बजे यह जब बीएसई में इसे शेयर लिस्ट हुए यह 78.50 रुपये पर ओपन हुआ। शीघ्र ही यह चढ़ते हुए 80.94 रुपये पर चला गया। नीचे में यह गिरते हुए 76 रुपये पर आया। फिर सुधर गया। सुबह 10 बज बर 10 मिनट पर यह 75.45 रुपये पर ट्रेड हो रहा था।

### ज्वाइंट वेंचर में बनी थी कंपनी

स्वाथ्य बीमा की यह कंपनी साल 2008 में बनी है। यह बुपा ग्रुप और फेटल टोन एलएलपी का ज्वाइंट वेंचर है। जब इस कंपनी का गठन हुआ था, तब इसका नाम मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी था। बाद में इसे बदल क निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कर दिया गया। इस में बूपा सिंगापुर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की 62.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी जबकि फेटल टोन एलएलपी की 26.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

कब खुला था आईपीओ

यह आईपीओ आम निवेशकों के लिए सात नवंबर से 11 नवंबर तक के लिए खुला था। इस आईपीओ में एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की तारीख 6 नवंबर थी। एंकर निवेशकों से कंपनी को 990 करोड़ रुपये मिले हैं। इस दौरान देशी-विदेशी सभी कंपनियों ने पैसे लगाए थे। इसका प्राइस बैंड 70 रुपये से 74 रुपये तय किया गया था। प्राइस बैंड के अपर लेवल यानी 74 रुपये इस शेयर का दाम तय हुआ था।

घट गया था आईपीओ का साइज

निवा बूपा ने आईपीओ के जरिए पहले 3,000 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बनाया था। लेकिन बाद में इसे घटा कर 2,200 करोड़ रुपये कर दिया गया। आईपीओ के लिए कंपनी ने प्राइस बैंड 70-74 रुपये प्रति शेयर फिक्स किया है। इस आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए। साथ ही प्रोमोटर्स ने 1,400 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश भी की है।

# प्रेम वत्स कनाडा के सबसे अमीर भारतीय

### उन्हें कनाडा का वॉरेन बफे भी कहा जाता है वह फेयरफैक्स के चेयरमैन और सीईओ हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। कनाडा में सबसे धनी भारतीय प्रेम वत्स हैं। काम के प्रति समर्पण, व्यावसायिक कौशल और एक मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि के दम पर उन्होंने दुनिया में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है। वह टोरंटो की कंपनी फैयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के चेयरमैन और सीईओ हैं। 97 अरब डॉलर की इस कंपनी का बिजनस नॉर्थ अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, एशिया और वेस्ट एशिया तक फैला है। वत्स को कनाडा के वॉरेन बफे के नाम से जाना जाता है। जनवरी 2020 में उन्हें भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

वत्स का जन्म 5 अगस्त 1950 को हैदराबाद में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होंने 1971 में प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद वह व्यापक



अवसरों की तलाश में कनाडा चले गए। वहां उन्होंने वेस्टर्न ओंटारियो यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की। इस शिक्षा ने उन्हें एक ऐसा करियर शुरू करने में मदद की जिसने उन्हें कनाडा की प्रमुख वित्तीय हस्तियों में शामिल कर दिया।

### फेयरफैक्स की बुलंदियों पर पहुंचाया

फाइनेंस में वत्स का करियर 1974 में कन्फेडरेशन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में शुरू हुआ। वहां उन्होंने स्टॉक पोर्टफोलियो को मैनेज किया और निवेश पर रिसर्च की। वहां उन्होंने फाइनेंस और इंश्योरेंस इंडस्ट्री की बारीकियां सीखीं। इस कंपनी में कुछ साल काम करने के बाद उन्होंने निवेश प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए हैम्ब्लिन वत्स इन्वेस्टमेंट काउंसिल लिमिटेड की स्थापना की। साल 1985 में उन्होंने टोरंटो स्थित फाइनेंशियल सर्विस कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स का नियंत्रण हासिल किया। यह उनका प्राइमरी बिजनस वेंचर बन गया।

वत्स की लीडरशिप में फेयरफैक्स ने दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति की। इस दौरान कंपनी की एसेट्स 31 अरब डॉलर तक पहुंची और निवेशकों को सालाना लगभग 20 प्रतिशत का रिटर्न मिलता रहा। टोरंटो स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स कनाडा में फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में एक अहम कंपनी है।

# एथर एनर्जी ने अपने ग्राहकों के लिए एथर सर्विस कार्निवल वीक फिर से शुरू किया

**सर्विस कार्निवल के ऑफर 11 नवंबर, 2024 से 17 नवंबर, 2024 तक लागू रहेंगे**

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर उद्योग में अग्रणी, एथर एनर्जी ने अपने ग्राहकों के लिए एथर सर्विस कार्निवल वीक फिर से शुरू किया है। इस सर्विस कार्निवल में फ्री 15-पॉइंट वैहिकल हैल्थ चेक, लेबर पर 10 प्रतिशत छूट, सभी पार्ट्स पर 5 प्रतिशत छूट और पॉलिश पर 15 प्रतिशत छूट जैसे अनेक ऑफर मिलेंगे। ग्राहक सर्विसिंग की बुकिंग एथर ऐप से करके एथर सर्विस कार्निवल के ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें समर्पित सहयोग और विशेषज्ञ टेक्निकल परामर्श के साथ मेंटेनेंस पर विशेष बचत का लाभ मिलेगा।

एथर ने ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित रहते हुए यह प्लान शुरू की हैं, जिसमे एथर केयर सर्विस प्लान और एथर एक्सप्रेसकेयर शामिल हैं। अब एथर ने एथर सर्विस कार्निवल फिर से शुरू किया है। भारत में 215 एथर सर्विस सेंटर्स के मजबूत नेटवर्क की मदद से इस सर्विस कार्निवल में एथर के मालिकों को नियमित चेक-अप और विशेष इन्हेंसमेंट्स प्राप्त होंगे ताकि उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटर सुगमता से चलते हुए उन्हें आवागमन का बहुत आसान अनुभव प्रदान करे।

### अक्तूबर में भारत का निर्यात 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर हुआ, सलाना आधार पर व्यापार घाटे में आई कमी

भारतीय वस्तुओं का निर्यात अक्तूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 33.43 अरब डॉलर था। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई। अक्तूबर माह में आयात 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 63.86 अरब डॉलर था।

अक्तूबर महीने के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर कम होकर 27.14 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले वर्ष अक्तूबर में यह 33.43 अरब डॉलर था। इस साल, सितंबर में भारतीय वस्तुओं का निर्यात मामूली रूप से 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.58 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

# एक्सिस बैंक ने प्रतिभा विकास और कौशल निर्माण के लिए की अड्डा247 के साथ साझेदारी

मुंबई, एजेंसी। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने कौशल निर्माण से जुड़ी पहलों के ज़रिये टैलेंट (प्रतिभा) पाइपलाइन विकसित करने के लिए अड्डा247 के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस गठजोड़ का उद्देश्य है बिक्री, संपर्क प्रबंधन और अन्य ग्राहक संपर्क वाली भूमिकाओं में एक्सिस बैंक के लिए युवाओं को उच्च-गुणवत्ता और नौकरी के लिए तैयार करना।

एक्सिस बैंक और अड्डा247, इस साझेदारी के ज़रिये दक्ष बैंकरों की अगली पीढ़ी की भर्ती, पोषण और निर्माण के लिए कई पहल शुरू करेंगे।

इस किस्म की पहलों के तहत युवा पेशेवरों के लिए एक्सिस बैंक में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक क्षेत्र (डोमेन) की जानकारी और कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों संस्थाओं द्वारा तैयार और उद्देश्य केंद्रित




लर्निंग (सीखने) अनुभव प्रदान किया जाएगा।

दोनों संगठनों ने बैंकिंग में विभिन्न किस्म के ग्राहक बिक्री और सेवा परिदृश्यों के गहन अभ्यास और वास्तविक दुनिया के माहौल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लर्निंग और अनुभव हासिल करने की प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए सिम्युलेशन के ज़रिये आवश्यक कौशल विकसित कर लर्निंग की प्रक्रिया तैयार की है।

एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट हेड - ह्यूमन रिसोर्स, राजकमल वेम्पति ने कहा, एक्सिस बैंक में, हम युवाओं को निखारने पर दांव लगाते हैं। टैलेंट का परिदृश्य बदल रहा है, और हम युवा कर्मचारियों तक पहुंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वे कहीं भी हों। अड्डा247 ने अपनी प्रमुख डिजिटल उपस्थिति के ज़रिये टैलेंट विकसित करने की दिशा में काफी प्रगति की है। हम अड्डा247 की पहुंच के साथ देश में युवाओं की तादाद अधिक होने की स्थिति का लाभ उठाते हुए युवा और जीवंत कार्यबल की क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

अड्डा247 के फाउंडर × सीईओ, अनिल नागर ने कहा, अड्डा247 की शुरुआत 2010 में बैंक पावर के रूप में हुई थी, जब संस्थापकों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की नौकरी के इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण देना शुरू किया था। पिछले 14 साल से अधिक समय में अड्डा247 ने एक विशाल और समकालीन डिजिटल फुटप्रिंट और कंटेंट आधारित परितंत्र के निर्माण में उल्लेखनीय रूप से निवेश किया है।

अड्डा247 के सीईओ, कौशल और उच्च शिक्षा, बिमलजीत सिंह भसीन ने कहा, हम बिक्री, संपर्क प्रबंधन और ग्राहक सेवा से जुड़ी नौकरी के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण में एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी कर उत्साहित हैं।


# लेनोवो ने प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किए गए नए हाई-परफॉरमेंस टैबलेट और लैपटॉप के साथ भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया

मुंबई, एजेंसी। लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो के11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहद किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बीनेशन प्रदान करता है। झआशीष सिक्का, डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि यूज़र्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए, के11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को



उन बिज़नेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं। शानदार 11 इंच की एलसीडी डिस्प्ले के साथ 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 × 1200 रिज़ॉल्यूशन, शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। डॉल्बी एटमॉस0 से लैस क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड प्रदान करते हैं, जो मल्टीमीडिया और बिज़नेस उपयोग के लिए आइडियल हैं। मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज (1टीबी तक एक्सपेंडेबल) द्वारा संचालित है। इसके साथ ही ये टैबलेट काफी आसानी से मल्टीटास्किंग और पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करता है। केवल 496 ग्राम वजन, 7.15 मिमी पतला और वाई-फाई, ब्लूटूथ0 5.1, एलटीई और फ़ास्ट-चार्जिंग 7040 एमएएच बैटरी से लैस, यह प्रोफेशनल्स के लिए किसी भी सफर में एक आइडियल हमसफर है।

# वीर जारा के 20 साल पूरे होने पर प्रीति जिंटा ने लिखी ये खास बात



लोकप्रिय फिल्म वीर-जारा के 20 साल पूरे होने पर अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने एक खास संदेश लिखा है, जिसमें उन्होंने फिल्म से मिली सीख के बारे में बात की है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की टीम के साथ दर्शकों का भी शुक्रिया अदा किया है।

दिवंगत दिग्गज निर्देशक यश चोपड़ा की फिल्म वीर जारा को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो चुके हैं। ये फिल्म दोबारा से इस साल रिलीज हुई थी, जिसने एक बार फिर अच्छी संख्या में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा। शाहरुख खान, प्रीति जिंटा, रानी मुखर्जी, अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी अभिनीत यह फिल्म बेहद शानदार और लोकप्रिय फिल्म है। यह कालातीत प्रेम कहानी दो दशक बाद भी दर्शकों के दिलों में गूंजती रहती है, जो इस साल की शुरुआत में इसकी थिएटर री-रिलीज के दौरान साबित भी हुआ।

हाल में ही इस फिल्म के 20 साल पूरे होने पर इसे 7 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 600 स्क्रीन पर फिर से रिलीज़ किया गया। बुधवार को अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म को लेकर एक नोट साझा किया। इसमें उन्होंने बताया कि ये फिल्म उनके लिए क्या मायने रखती है। उन्होंने लिखा, वाह! वीर जारा को 20 साल हो गए हैं! अभी भी ऐसा लगता है, जैसे कल की ही बात हो।

### फिल्म ने निस्वार्थ प्रेम के बारे में सिखाया- प्रीति जिंटा

अभिनेत्री ने फिल्म से मिली सीख का जिक्र करते हुए कहा, इस फिल्म ने मुझे बिनी किसी स्वार्थ और सच्चे प्रेम के बारे में सिखाया। मैं इस खूबसूरत प्रेम कहानी का हिस्सा बनने के लिए बहुत आभारी हूं, जिसने दुनिया भर के दिलों को छुआ है। वीर जारा को दिए गए सभी प्यार के लिए धन्यवाद। मेरे अद्भुत सह-कलाकारों, अद्भुत क्रू और निश्चित रूप से, आप सभी प्रशंसकों को बहुत सारा प्यार, जिन्होंने इस फिल्म को इतना खास बनाया। यह प्रेम, अविस्मरणीय यादें और वीर जारा के 20 साल हैं।

### फिल्म की री-रिलीज में शामिल होगा हटाया हुआ गाना

फिल्म के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए, इसे 7 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 600 स्क्रीन पर फिर से रिलीज किया गया। इसका पहला प्रीमियर सऊदी अरब, ओमान और कतर में भी हुआ। वीर-जारा के फिर से रिलीज किए गए प्रिंट में लता मंगेशकर और उदित नारायण द्वारा गाया गया प्रतिष्ठित हटा दिया गया गाना ये हम आ गए हैं कहां भी शामिल होगा। यह पहली बार है कि यह गाना फिल्म का हिस्सा होगा। निर्माताओं ने इस घोषणा के साथ फिल्म का पोस्टर साझा किया है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का मूल नाम यश चोपड़ा की 1981 की फिल्म सिलसिला के गाने के बाद ये कहां आ गए हम रखा गया था, लेकिन बाद में फिल्म निर्माता ने फैसला किया कि वीर-जारा फिल्म के लिए बेहतर शीर्षक है।

# निमरत कौर 'स्काई फोर्स' की कास्ट में शामिल हुईं



निमरत कौर भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने शानदार करियर के दौरान, कौर ने अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ निभाकर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। अब, अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, ऐसा लगता है कि निमरत अगले साल रिलीज़ होने वाली आगामी फ़िल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार के साथ काम करने वाली हैं। अफ़वाह है कि निमरत कौर एक अहम भूमिका निभाएँगी, जिससे फ़िल्म की गति बढ़ेगी और इसकी कहानी में गहराई आएगी। निमरत कौर के पास दमदार भूमिकाएँ निभाने का ट्रैक रिकॉर्ड है और वह फ़िल्म में नए आयाम तलाशने से न डरने वाली अभिनेत्री के तौर पर एक मिसाल हैं। एयरलिफ्ट, द लंचबॉक्स, सजनी शिंदे का वायरल वीडियो और अन्य फ़िल्मों में उनके अभिनय को लोगों ने देखा है। अक्सर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आने वाली निमरत कौर ने अपने किरदारों के चयन के लिए दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से सराहना हासिल की है। इस बीच, स्काई फोर्स एक आगामी युद्ध फ़िल्म है, जिसका निर्देशन प्रशंसित फ़िल्म निर्माता अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी कर रहे हैं।

अगर निमरत कौर के शामिल होने की अफवाहें सच होती हैं, तो वह अक्षय कुमार, सारा अली खान और वीर पहारिया जैसे अन्य लोगों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी। स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# ट्रैवल एंग्जायटी से जूझ रहीं जान्हवी कपूर



**स्टार** जान्हवी कपूर इन दिनों यात्रा पर हैं। लेकिन उन्हें घबराहट भी हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें अपने बॉयज की फिक्र रहती है! ये बॉयज उनके दिल के करीब हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक फोटो शेयर की। इसमें उनके बॉयज भी दिख रहे हैं। और ये हैं उनके दो पालतू डॉग्स। एक है अमेरिकन अकिता और दूसरा है हस्की। जान्हवी ने इस पिक के साथ लिखा, ट्रैवेल एंग्जायटी, क्योंकि मैं अपने बॉयज को मिस कर रही हूं। दूसरे स्टार्स की तरह ही जान्हवी भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन जिंदगी से जुड़े अहम पलों को साझा करती हैं इनके कैप्शन भी जानदार होते हैं। हाल ही में उनकी एक पिक को इंस्टाग्राम पर काफी पसंद किया गया। इसमें वो जालीदार साड़ी में दिखी थीं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुछ कसाटा खाने का मन हुआ, लेकिन मैंने इसे पहन लिया। इससे पहले जान्हवी ने अपने कथित प्रेमी शिखर पहाड़िया के साथ कुछ फोटो शेयर की थी।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ऐसे मीम्स जो ग्राम पर नहीं पहुंचे। इसकी एक तस्वीर ने यूजर्स का ध्यान अपनी ओर काफी खींचा और ये थी शिखर पहाड़िया संग उनकी तस्वीर। जिसमें जान्हवी अपने पालतू कुत्ते के साथ खेल रही थीं और शिखर ने प्यार से उनके सिर पर हाथ रखा हुआ था। हालांकि जान्हवी और शिखर ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन दोनों को अक्सर साथ देखा जाता है। मुंबई में मनीष मल्होत्रा की ग्रैंड दिवाली पार्टी में भी दोनों साथ पहुंचे थे। जान्हवी ने शिखर के साथ अपने रोमांस का संकेत सबसे पहले 'कॉफी विद करण' में दिया था, जब वह सारा अली खान के साथ आई थीं। बाद में, अपनी बहन खुशी कपूर के साथ एक एपिसोड के दौरान, उन्होंने शिखर का नाम लिया, जिससे अटकलों का बाजार और गरम हो गया। बता दें कि जाह्नवी ने शशांक खेतान की फिल्म धड़क से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। यह फिल्म मराठी फिल्म सैराट की हिंदी रीमेक थी। इसके बाद वह जोया अख्तर की एंथोलॉजी घोस्ट स्टोरीज में नजर आईं।

# प्रियंका चोपड़ा ने चैटजीपीटी के साथ की रोमांटिक बात



भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास को चैटजीपीटी से बहुत प्यार है और उन्होंने इसका इजहार खुलेआम कर दिया है। इंस्टाग्राम पर एक रोमांटिक बातचीत साझा की है।

प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरीज सेक्शन में कई मीम्स शेयर किए। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान चैटजीपीटी पर गया। यह मीम 1989 में आई सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया के गाने मेरे रंग में रंगने वाली से लिया गया था। क्लिप में सुपरस्टार अपनी अभिनेत्री भाग्यश्री को प्यार से पकड़े हुए हैं और मेरे सवालों का... जवाब दो लाइन गा रहे हैं। ग्लोबल स्टार अक्सर जिंदगी के खूबसूरत और जज्बाती लम्हों को शेयर करती हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पेट डॉग डायना का एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया, जिसमें वह डायना के साथ खेलती नजर आ रही है। अभिनेत्री अक्सर अपने डॉग की मनमोहक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। उन्होंने वीडियो में एरिक कारमेन का गाना हंग्री आइज भी जोड़ा।बता दें कि प्रियंका और उनके पति निक जोनास के पास तीन पेट डॉग्स हैं, जिनके नाम डायना, पांडा और जीनो है। एक इंटरव्यू में, बेवॉच अभिनेत्री ने डायना के साथ अपने खास रिश्ते के बारे में बात की थी। हालांकि वह अपने तीनों पालतू जानवरों से बेहद प्यार करती है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि डायना उनके दिल में एक अलग जगह रखती हैं।

अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए, प्रियंका ने बताया कि डायना पहली पप्पी थी जिसकी उन्होंने पूरी तरह से देखभाल की। उन्होंने यह भी बताया कि डायना उनके जीवन में उस दौर में आई जब वो अमेरिका आई थीं और अपने पिता के निधन का शोक मना रही थीं। डायना न्यूयॉर्क में नॉर्थ शोर रेस्क्यू से हैं। प्रियंका के करियर पर एक नजर डाले तो वह अपकमिंग कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ़ स्टेट में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ दिखाई देंगी। वह कार्ल अर्बन संग द ब्लफ में एक समुद्री डाकू की भूमिका में दिखेंगी।

## मैं हमेशा से ही मां बनना चाहती थीं: सामांथा

साउथ की ब्यूटीफुल एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों वरुण धवन के साथ सीरीज 'सीटाडेल- हनी बनी' को लेकर चर्चा में हैं। 'द फैमिली मैन 2' के बाद एक्ट्रेस को दूसरी बार एक्शन मोड में देखा जा सकता है। इसमें सामंथा ने मनोज बाजपेयी वाली फिल्म से बड़े लेवल पर एक्शन किए हैं। वरुण धवन के साथ उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया जा रहा है। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। ऐसे में अब सामंथा ने मदरहुड को लेकर बात की है और कहा कि वो हमेशा से मां बनना चाहती थीं और इसके बारे में सोच रही हैं। उनका मानना है कि मां के लिए कोई उम्र नहीं होती है। दरअसल, सामंथा ने 'सीटाडेल' के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने टाइम्स नाऊ से बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपनी इच्छा जाहिर की वो हमेशा से ही मां बनना चाहती थीं। उनको नहीं लगता है कि मां बनने के लिए बहुत देर हो चुकी है। उनका मां बनने का सपना अभी भी है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो मां बनना पसंद करेंगी। सामंथा कहती हैं कि वो हमेशा से ही मां बनना चाहती थीं। इसे वो काफी खूबसूरत एक्सपीरियंस मानती हैं। वो इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

सामंथा ने मां बनने को लेकर कहा कि अक्सर लोग उनकी उम्र को लेकर चिंता जाहिर करते हैं कि वो इस उम्र में मां कैसे बनेंगी। इस पर एक्ट्रेस का मानना है कि जीवन में ऐसा कोई समय नहीं आता जब कोई महिला मां नहीं बन सकती। उनका मानना है कि इसके लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती है। कोई जब चाहे तब मां बन सकता है। एक्ट्रेस के इस स्टेटमेंट के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि वो अपनी लाइफ में मूव ऑन कर रही हैं और अपना फ्यूचर देख रही हैं।

# जब निर्देशक राजकुमार संतोषी ने उड़ाया आमिर खान का मजाक



अभिनेता आमिर खान और करिश्मा कपूर की फिल्म राजा हिंदुस्तानी साल 1996 में रिलीज हुई। फिल्म को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। इस फिल्म के गाने को भी प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। हालांकि, फिल्म में आमिर खान के अभिनय को लेकर निर्देशक राजकुमार संतोषी ने मजाक उड़ाया है। निर्देशक राजकुमार संतोषी ने अंदाज अपना अपना में आमिर खान के साथ काम किया। इस फिल्म को लेकर राजकुमार संतोषी ने उनका मजाक उड़ाया था। निर्देशक धर्मेश दर्शन ने इस बारे में बात की है। बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में धर्मेश दर्शन ने बताया कि राजकुमार संतोषी फिल्म के प्रीव्यू के लिए गए थे। इस दौरान ये मजाक उड़ाया, जिस पर आमिर खान ने भरोसा नहीं किया था।

आमिर खान को लेकर राजकुमार संतोषी ने कही ये बात

राजकुमार संतोषी ने कहा आमिर को जब इस बारे में बताया तो उन्होंने विश्वास नहीं किया था। धर्मेश दर्शन ने बताया, वे अपने 10 असिस्टेंट के साथ गए थे। इस पर आमिर खान ने कहा कि मैं इस पर विश्वास नहीं करता। धर्मेश दर्शन ने बताया कि राजा हिंदुस्तानी और घातक आस-पास ही रिलीज हुई। उनके हिसाब से राजा हिन्दुस्तानी ने घातक को पछाड़ दिया है। उन्होंने कहा, सनी देओल एक्शन फिल्मों में काम करता है।

# शादी रचाने जा रहीं पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर?



### रैपर बादशाह के साथ जुड़ रहा नाम

पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर का नाम बीते कुछ समय से रैपर बादशाह के साथ जुड़ रहा है। इसी बीच हानिया ने शादी की योजना पर बातकर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया है। पाकिस्तानी अभिनेत्री हनिया आमिर ने न केवल अपने देश में बल्कि भारत में भी प्रसिद्धि हासिल की है।

हाल ही में कभी मैं कभी तुम में शरजीना के रूप में उनकी भूमिका भारत और पाकिस्तान दोनों में वायरल हो गई और उन्हें दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। हानिया अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री ने अपनी शादी की योजना पर खुलकर बात की है। हानिया का बयान उनके प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है।

हानिया आमिर हाल ही में एक इवेंट का हिस्सा बनीं जहां उनके एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि क्या वह जल्द ही शादी करने की योजना बना रही हैं। इस पर हानिया पहले तो जोर से हंसीं और फिर बताया कि फिलहाल उनकी शादी करने की कोई योजना नहीं है और अगर वह कभी शादी करने की योजना बनाती हैं, तो वह दुनिया के सामने इसकी घोषणा करेंगी ना कि इसे छिपाएंगी।

# सूर्या अभिनीत कंगुवा के प्रशंसकों को तमिलनाडु सरकार का बड़ा तोहफा, पड़ोसी राज्यों में भी होगी दर्शक

सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म कंगुवा कल यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशन्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। तमिलनाडु में, सरकार ने कंगुवा को पांच स्क्रीनिंग की अनुमति दी है, जो किसी फिल्म के लिए एक दुर्लभ विशेषाधिकार है।

**तमिलनाडु सरकार ने दी पांच स्क्रीनिंग की अनुमति**

इसमें राज्य के इतिहास में पहली बार सुबह 9 बजे का एक विशेष शो, साथ ही 2 बजे रात तक चलने वाली एक अतिरिक्त स्क्रीनिंग भी शामिल है। ये बदलाव फिल्म को भव्य शुरुआत देने और यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य के प्रयास का हिस्सा है कि प्रशंसक इसे दिन के अलग-अलग समय पर देख सकें। रिलीज से पहले फिल्म तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में अपनी विशेष स्क्रीनिंग के कारण पहले ही सुर्खियां बटोर चुकी है।





-साभार एजेंसी




## भारत-साउथअफ्रीका टी-20:

# भारत ने जीता सेंचुरियन टी-20

**सेंचुरियन , एजेंसी।** टीम इंडिया ने सेंचुरियन के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मुकाबला जीतते ही टी20 सीरीज में 2-1 की अजेय लीड हासिल कर ली है। हालांकि भारत के लिए सेंचुरियन की जीत इतनी भी आसानी से नहीं आई। भारत ने पहले खेलते हुए तिलक वर्मा के 107 और अभिषेक के 50 रनों की बदौलत 219 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले हेनरिक क्लासेन और बाद में येन्सन का सहारा मिला। क्लासेन ने 41 तो यान्सेन ने 54 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। यान्सेन ने आखिरी ओवरों में भारतीय गेंदबाजों की खूब पिटाई की। हार्दिक के फेंके 19वें ओवर में 26 रन पर भी खींचे। 20वें ओवर में अर्शदीप को भी उन्होंने बड़े शॉट लगाए लेकिन आखिरकार बाजी भारत के हाथ लगी। दक्षिण अफ्रीका 208 रन ही बना पाई। भारत ने 11 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

### सेंचुरियन में अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। सेंचुरियन टी20 में रिकल्टन का विकेट अर्शदीप सिंह के टी20 करियर का 90वां विकेट रहा। वह बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। अर्शदीप ने मैच में हेनरिक क्लासेन और मार्को येन्सन का भी विकेट लिया।



टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

96 विकेट-युजी चहल (80 पारियां)
92 विकेट -अर्शदीप सिंह (59 पारियां)
90 विकेट - भुवनेश्वर कुमार (87 पारियां)
89 विकेट -जसप्रीत बुमराह (70 पारियां)
88 विकेट -हार्दिक पांड्या (108 पारियां)

अर्शदीप ने बीते दिनों ही अपनी सफलता का एक श्रेय जसप्रीत बुमराह को भी दिया था। उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) के रूप में मेरे पास वास्तव में एक अच्छा गेंदबाजी साझेदार है और उन्होंने दूसरे छोर से दबाव बनाकर कई विकेट लेने में मेरी काफी मदद की है। इसलिए काफी श्रेय उन्हें भी जाता है।

## तिलक ने जमाया करियर का पहला टी20 शतक

**सेंचुरियन , एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा के लिए 13 नवंबर 2024 की तारीख उनके करियर में हमेशा के लिए यादगार हो गई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में तिलक वर्मा ने अपने करियर का पहला शतक लगाया। उनके बल्ले से यह शतक तब निकला जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। तिलक वर्मा जब बल्लेबाजी करने आए तब टीम की स्थिति अच्छी नहीं थी। संजू सैमसन बिना खाता खोले आउट हो गए थे। भारत का भी खाता नहीं खुला था। ऐसे में तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ शानदार साझेदारी की। अभिषेक के साथ तिलक ने 107 रनों की साझेदारी की। इसके बाद भी वह आखिर तक क्रीज पर जमे रहे जबकि दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला। तिलक ने अपनी पारी में 56 गेंदे खेली और 107 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने 191.07 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। तिलक वर्मा भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने 22 साल पांच दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। वह शुभमन गिल और सुरेश रैना से आगे निकल गए। भारत की ओर से शतक लगाने सबसे युवा भारतीय यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 21 साल 279 दिन की उम्र में यह कमाल किया था। जायसवाल ने 2023 में एशियन गेम्स के दौरान यह कमाल किया था। तिलक वर्मा अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2010 में रैना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाया था तब वह 24 साल के थे। तिलक वर्मा ने 14 साल बाद उनका यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी विवाद बढ़ने पर पाकिस्तान को हो सकता है भारी नुकसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का भविष्य अनिश्चित है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया है कि वह 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात पर अड़ा हुआ है कि ऐसा कोई हाइब्रिड मॉडल नहीं होगा, जिसमें भारत अपने मैच किसी तटस्थ स्थान पर खेले। एक रिपोर्ट के अनुसार यदि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपना सख्त रुख जारी रखता है और चैंपियंस ट्रॉफी प्रभावित होती है, तो आईसीसी उस पर प्रतिबंध लगा सकता है। यदि पीसीबी पीछे हटता है, तो आईसीसी द्वारा दी जाने वाली उसकी फंडिंग में भारी कटौती हो सकती है। टूर्नामेंट को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का मतलब है कि पीसीबी को मेजबानी शुल्क के रूप में लगभग 65 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान हो सकता है। हाल ही में पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तीन स्थानों कराची, रावलपिंडी और लाहौर को अपग्रेड किया है और कोई भी वित्तीय नुकसान उन्हें और भी अधिक नुकसान पहुंचाएगा। पीसीबी ने आईसीसी को बताया है कि देश में सुरक्षा कोई मुद्दा नहीं है, जिसने हाल ही में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी यही वादा किया है। यह पिछले साल के एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल में आयोजन नहीं करने के अपने रुख पर अड़ा रहा, जब भारत के मैच श्रीलंका में आयोजित किए गए थे।

आईसीसी ने अभी तक पीसीबी को जवाब नहीं दिया है और भाग लेने वाली टीमों के साथ कार्यक्रम पर चर्चा कर रहा है। आईसीसी सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पीसीबी देश के बाहर टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए भी इच्छुक नहीं है । हालांकि लाहौर में होने वाले लॉन्च इवेंट को टाल दिया गया है। आईसीसी प्रबंधन द्वारा 21 अक्टूबर को दुबई में आईसीसी और आईसीसी बोर्ड को दी गई ब्रीफिंग के अनुसार इसे लाहौर में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही थी।

## नेपाल में गरजेगा अब शिखर धवन का बल्ला, यहां की लीग में इस टीम के लिए खेलते हुए आएंगे नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अब नेपाल प्रीमियर लीग में खेलते हुए नजर आंगे। इस लीग के अगले सीजन के लिए उन्हें करनाली यक्स टीम ने अनुबंधित किया है। 38 साल के धवन को इस टीम ने चौथे विदेशी खिलाड़ी के रूप में खरीदा है। इससे पहले इस टीम ने वेस्टइंडीज के चैडविक वाल्टन, पाकिस्तान के हुसैन तलत और हांगकांग के बाबर हयात को अपने साथ जोड़ा था और अब शिखर धवन के जुड़ने से ये टीम और मजबूत होगी।

### एटीपी फाइनल्सः

## ज्वेरेव ने रूड को हराकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा

**ट्यूरिन, एजेंसी।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा, क्योंकि जर्मन खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को 7-6(3), 6-3 से हराकर इस सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हालाँकि रूड अपने शुरुआती मैच में कार्लोस अल्काराज़ को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए, लेकिन ज्वेरेव ने इनाल्पी एरिना में 86 मिनट के प्रदर्शन के साथ नॉर्वेजियन खिलाड़ी को हरा दिया।

2024 में अपने टूर-लीडिंग 68 की जीत के साथ, ज्वेरेव ने जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। रोम और पेरिस चैंपियन शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में अल्काराज़ से भिड़ेंगे, जब वह अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित करने की कोशिश करेंगे। ज्वेरेव अपने तीसरे एटीपी फाइनल्स खिताब की तलाश में हैं, इससे पहले उन्होंने 2018 में लंदन और 2021 में ट्यूरिन में ट्रॉफी जीती थी।



ज्वेरेव और रूड एक आकर्षक शुरुआती सेट में बराबरी पर थे, जिसमें कोई ब्रेक पॉइंट नहीं था, लेकिन कई बेहतरीन रैलियां थीं। हालांकि, दूसरे वरीयता प्राप्त जर्मन ने समय पर नियंत्रण हासिल किया, टाई-ब्रेक में 6-1 की बढ़त हासिल की और अंततः सेट को सुरक्षित किया। दूसरे सेट में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जिसमें रूड ने ज्वेरेव की तेज़ सर्विस और क्रिस्प ग्राउंडस्ट्रोक के खिलाफ़ कड़ी टक्कर दी। जैसे ही मैच एक और टाई-ब्रेक की ओर बढ़ रहा था, ज्वेरेव ने रूड की सर्विस में एक दुर्लभ गिरावट का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण 5-3 की बढ़त हासिल कर ली।

उस बिंदु से, ज़ेवेरेव ने कोई गलती नहीं की, सोमवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी पिछली जीत के बाद आराम से सप्ताह की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। ज्वेरेव आठ एकल खिलाड़ियों में से सबसे अधिक एटीपी फाइनल्स अनुभव के साथ ट्यूरिन पहुंचे। एटीपी के अनुसार, 27 वर्षीय खिलाड़ी सातवीं बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और उन्होंने कुल मिलाकर 16-9 जीत/हार का रिकॉर्ड बनाया है।

### रंजी ट्राफीः

## पर्थ टेस्ट मैच से पहले गरज रहा है इस भारतीय का बल्ला, ठोक दिया तिहरा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है जहां उसे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होगी और पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। एक तरफ जहां भारतीय टीम पर्थ टेस्ट मैच को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में राजस्थान के धाकड़ बल्लेबाज महिपाल लोमरोर का बल्ला भारत में गरज रहा है। महिपाल लोमरोर ने एलीट ग्रुप बी के मुकाबले में उत्तराखंड के खिलाफ तिहरा शतक लगा दिया। महिपाल लोमरोर ने उत्तराखंड के खिलाफ गजब की बल्लेबाजी करते हुए अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का पहला तिहरा शतक लगाने में सफलता हासिल की।

## मोहम्मद शमी का शानदार कमबैक, रणजी ट्रॉफी में बिखेरा जादू

**इंदौर, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने करीब एक साल बाद क्रिकेट के मैदान पर दमदार वापसी की है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी करते हुए होलकर स्टेडियम में चार विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने मध्य प्रदेश पर पहली पारी में बढ़त हासिल की।

गुरुवार को 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी क्लास, अनुभव और भरपूर आत्मविश्वास का नजारा दिखाया। उन्होंने 19 ओवर में (4-54) के शानदार स्पैल के साथ बंगाल के लिए अपनी छाप छोड़ी।

पहले दिन एक भी विकेट नहीं चटकाने के बाद शमी ने दूसरे दिन जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरुआत में ही मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा को महज आठ रन पर आउट कर दिया। शमी की पार्टनरशिप तोड़ने और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त करने की क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली। एक खतरनाक स्पैल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और इसके बाद



कुमार कार्तिकेय और कुलवंत खेजरोलिया को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई। अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की, जिससे उनके अभियान की शुरुआत हुई। पूरी तरह अपनी लय में नहीं होने के बावजूद, शमी ने लगातार मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया।

शमी इस रणजी ट्रॉफी मैच में पांच साल के अंतराल के बाद खेल रहे हैं। बंगाल के लिए उनका आखिरी मैच नवंबर 2018 में केरल के खिलाफ एकमात्र मुकाबला था, जो भारत की ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक 2-1 टेस्ट सीरीज जीत से ठीक पहले था।

शमी अपनी फिटनेस को फिर से हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में उनका रणजी में अच्छा प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी का रास्ता साफ कर सकता है।

### बैडमिंटनः


## सात्विक-चिराग के लिए भारत से जुड़ेंगे दिग्गज तान किम हर, इरवासियाह होंगे बैडमिंटन के नए एकल कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन की दुनिया में चमकाने वाले दिग्गज तान किम हार का फिर साथ मिलने जा रहा है। थॉमस कप, एशियाड और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मलयेशिया तान तीसरी बार भारतीय बैडमिंटन टीम के युगल कोच बनने जा रहे हैं।



मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। डेनमार्क के मथायस बोए के पेरिस ओलंपिक से हटने के बाद सात्विक-चिराग को नए कोच की तलाश थी। दोनों तान किम के साथ जुड़ना चाहते थे।

इन दोनों के कहने पर ही वह फिर से भारत के साथ अनुबंध के लिए तैयार हो गए। उन्हें 10 हजार अमेरिकी डॉलर प्रति माह (लगभग साढ़े 8 लाख रुपये) का वेतन दिया जाएगा। वहीं, भारतीय बैडमिंटन संघ तान किम के अलावा एकल के लिए इंडोनेशियाई दिग्गज कोच इरवासियाह आदी प्रात्मा को नया कोच अनुबंधित करने जा रहा है। प्रात्मा को भी 10 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगी। इन दोनों के अलावा इंडोनेशिया के एकल कोच ड्वी क्रिस्टियावान को संघ बरकरार रखने जा रहा है।




### जापान मास्टर्स बैडमिंटनः

## पीवी सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं

## भारतीय चुनौती समाप्त

**कुमामोतो (जापान), एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं । उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11-8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढत बना ली । सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर लिया। इसके बाद ली ने लगातार पांच अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन ली ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू की सहज गलतियों ने मिचेले ली का काम आसान कर दिया। ली का सामना अब दक्षिण कोरिया की यू जिन सिम से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डिज़्नी हॉटस्टार पर रिकॉर्ड-तोड़ डेडपूल एंड वूल्वरिन स्ट्रीम हो रही है

**मुंबई, एजेंसी।** मार्वल स्टूडियोज की डेडपूल एंड वूल्वरिन डिज़्नी+ हॉटस्टार पर इंग्लिश, हिंदी, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीम हो रही है। भुवन बाम और मार्वल के फैन्स की खुशी बढ़ाने के लिए एक 'ताज़ा ख़बर' आई है कि इस स्टार ने डेडपूल एंड वूल्वरिन की ओटीटी रिलीज़ के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ गठबंधन किया है और यह इस प्लेटफ़ॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। अपने कॉमेडी चैनल 'बीबी की वाइन्स' के लिए मशहूर यह यूट्यूब हस्ती अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और आकर्षण को दो अनोखे और मज़ेदार वीडियो में लेकर आई है, जो रयान रेनॉल्ड्स और ह्यूग जैकमैन अभिनीत इस मार्वल ब्लॉकबस्टर को 'देसी' ट्विस्ट के साथ पेश करते हैं। भुवन बाम और डिज़्नी+ हॉटस्टार का यह गठबंधन डेडपूल एंड वूल्वरिन की जबरदस्त उथल-पुथल को एक नए और मनोरंजक रूप में पेश करता है। इस वीडियो में, भुवन एक आकर्षक देसी-विदेशी किरदार में बदलकर डेडपूल एंड वूल्वरिन को देसी मसाला और विदेशी धमाका के बेहतरीन किलर कॉम्बो के रूप में पेश कर रहे हैं। वो फिल्म की जबरदस्त एनर्जी को समेटकर फैन्स को शानदार एक्शन और रोचक संवादों के साथ व्यूइंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान कर रहे हैं। उनका यह अंदाज फैन्स को इस दिलचस्प मार्वल एडवेंचर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है।फिल्म के डेब्यू के बारे में भुवन बाम ने कहा, रयान रेनॉल्ड्स की तीक्ष्ण बुद्धि और सही टाइमिंग मुझे हमेशा से लुभाती रही हैं - उनकी पंचलाइन असाधारण होती हैं! डेडपूल के रूप में वूल्वरिन की ऊर्जा के साथ वो ऐसा बेहतरीन कॉम्बो बना रहे हैं, जो शुरू से अंत तक आपकी दिलचस्पी बनकर रखेगा।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शरारती कपूर बहनों ने बॉलीवुड, परिवार और लव लाइफ के बारे में खुलकर बात की

**मुंबई, एजेंसी।** पहली बार, फैंस को एक मजेदार अनुभव मिलने वाला है, क्योकि मशहूर बहनें करिश्मा कपूर और करीना कपूर खान नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में एक साथ नज़र आने वाली है। अपने सबसे बेबाक अंदाज़ में, कपूर बहनें मनोरंजन से भरे और अनजाने किस्से शेयर करके दर्शकों को खूब हंसाएंगे। कपिल शर्मा, दोनों बहनें एक-दूसरे को कितनी अच्छी तरह से जानती हैं, उनके फेमस कपूर परिवार और उनका बॉलीवुड का सफर, उनके बचपन की यादें और फिल्म के सेट के बारे में बात करने वाले है। ऐसी ही एक बातचीत के दौरान, करिश्मा ने करीना और सैफ अली खान के रिलेशनशिप के बारे में पता चलने के बाद मजाकिया अंदाज में अपने रिएक्शन के बारे में बताया। करिश्मा ने कहा, मुझे याद है, मैं लंदन में थी और तभी मुझे करीना का फ़ोन आया। मैंने पूछा क्या हुआ है, करीना ने कहा, मैं तुम्हें कुछ बताना चाहती हूं लेकिन इससे पहले कि मैं कुछ बताऊं, मुझे लगता है कि तुम्हें कहीं शांत जगह बैठ जाना चाहिए। करिश्मा ने बताया कि, उस वक्त मैं एक दुकान में थी, वहाँ एक सोफ़ा था और मैं सोफे पर बैठ गई।

### बेटी की दुआ: जागृति - एक नई सुबह में अपनी मां के ठीक होने के लिए व्रत रखेगी जागृति

**मुंबई।** छठ पूजा सिर्फ एक त्यौहार नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक पहचान, आस्था और सामूहिक मूल्यों की गहरी झलक है। इस मौके पर परिवार के लोग एक साथ मिलते हैं, चाहे वे कितनी भी दूर क्यों न हों। इस पावन पर्व पर लोग भगवान में अपनी पूरी आस्था रखते हैं और मानते हैं कि उनकी सच्ची प्रार्थनाएं जरूर सुनी जाएंगी।ज़ी टीवी के शो 'जागृति - एक नई सुबह' में, जो झारखंड के एक काल्पनिक शहर की कहानी है, इस खूबसूरत परंपरा को जागृति (अस्मि देव) के जरिए पेश किया जा रहा है। हाल ही में दर्शकों ने देखा कि जागृति को पता चलता है कि गीता (तितिक्षा श्रीवास्तव) उसकी असली मां है। लेकिन जैसे ही वो यह बात बताने वाली होती है, गीता का गंभीर एक्सीडेंट हो जाता है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। इस भावुक पल में जागृति अपनी मां की अच्छी सेहत के लिए चार दिन का छठ पूजा का व्रत रखने का संकल्प करती है। जहां असल ज़िंदगी में परिवार की महिलाएं पूरे परिवार के भले के लिए व्रत रखती हैं, लेकिन पहली बार दर्शक यह देखेंगे कि एक बच्ची अपनी मां की सलामती के लिए व्रत रखेगी।अस्मि देव का इस त्यौहार से निजी जुड़ाव है क्योंकि उन्होंने इसे अपने परिवार के साथ रांची में मनाया है। वो कहती हैं, ''मैंने अपनी मां के साथ रांची में छठ पूजा मनाई है। हमारे मोहल्ले की महिलाओं को व्रत रखते, प्रसाद बनाते और नदी किनारे सूर्य को अर्घ्य देते हुए देखा है। इस पर्व के लिए सभी का एक साथ आना बहुत खास होता है।

# इसरो पर खर्च हुए 1 रुपये का ढाई गुना मिला रिटर्न, एस सोमनाथ ने दिया हिसाब

**बेंगलूरू, एजेंसी।**
इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि इसरो ने यह पता लगाने के लिए हाल ही में एक अध्ययन किया था कि अंतरिक्ष एजेंसी में निवेश की गई धनराशि से समाज को कोई फायदा हुआ है या नहीं। वह कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी केआरईआईएस पहुंचे थे, जहां उन्होंने छात्रों से संवाद किया।

संवाद सत्र के दौरान एक सवाल पर उन्होंने बताया कि अध्ययन में पाया गया कि इसरो पर खर्च किए गए हर एक रुपये पर समाज को 2.50 रुपये वापस मिले। इस सत्र का आयोजन कर्नाटक सरकार के समाज कल्याण विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने किया था।

सोमनाथ के मुताबिक, 'इसरो का लक्ष्य अंतरिक्ष क्षेत्र में सक्रिय देशों के साथ वर्चस्व की लड़ाई में शामिल होने के बजाय देश की सेवा करना है। ऐसा करने के लिए इसरो को वह करने की आजादी चाहिए, जो वह करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में व्यावसायिक अवसरों के लिए एक



पारिस्थितिकी तंत्र कायम कर यह स्वतंत्रता हासिल की जा सकती है।

सोमनाथ ने कहा, चंद्रमा से जुड़े अभियान काफी महंगे होते हैं। और हम वित्त पोषण के लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रह सकते। हमें व्यावसायिक अवसर पैदा करने होंगे। अगर आपको इसे जारी रखना है, तो आपको इसकी उपयोगिता साबित करनी होगी। वरना, जब हम कुछ करेंगे, तब सरकार हमसे उसे बंद करने के लिए कहेगी।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इसरो अंतरिक्ष अन्वेषण के अलावा भी बहुत कुछ करता है। एक अन्य सवाल के जवाब में सोमनाथ ने इसरो की उन परियोजनाओं का उदाहरण दिया, जिनसे लोगों को सीधे लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा, मिसाल के तौर पर, हम मछुआरों को जो सलाह जारी करते हैं, उसी को ले लीजिए। हमारी सलाह की मदद से वे जान पाते हैं कि मछली पकड़ने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान कहां है। हम समुद्री स्थिति का आकलन करने के लिए ओशनसैट का इस्तेमाल करते हैं और विभिन्न मापदंडों का अध्ययन करने के बाद सलाह जारी करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल कर मछुआरे न केवल ज्यादा मछली पकड़ पाते हैं, बल्कि वे नावों के लिए आवश्यक डीजल की भी काफी बचत कर पाते हैं।

अपने जीवन को प्रभावित करने वाली चीजों के बारे में पूछने पर सोमनाथ ने कहा कि उनके शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने भौतिकी शिक्षक राजप्पा और गणित शिक्षक पॉल के बारे में बात की, जिन्होंने न केवल अच्छे अंक प्राप्त करने में, बल्कि विषय पर अच्छी पकड़ बनाने में उनकी काफी मदद की। सोमनाथ ने कहा कि वह दसवीं कक्षा की अपनी शिक्षिका भागीरथीअम्मा के हमेशा आभारी रहेंगे, जिन्होंने सबसे पहले उन्हें आईआईटी के बारे में बताया था और जिन्हें विश्वास था कि वह एक दिन इंजीनियर जरूर बनेंगे।

## गर्भवती को लेकर जा रही एंबुलेंस में लगी आग, तेज धमाके में उड़े वाहन के चीथड़े

**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव में एक सड़क चलती एंबुलेंस में जोरदार धमाका हो गया। इस एंबुलेंस में एक गर्भवती महिला और उसका परिवार भी था। हालांकि अच्छी बात यह रही है कि हादसे में सभी सुरक्षित बच गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि चलती हुई एंबुलेंस में आग लग जाती है। इसके कुछ ही देर के बाद तेज धमाका होता है और आग की लपटें चारों तरफ बिखरती दिखाई दे रही हैं। विस्फोट में एंबुलेंस के चीथड़े उड़ गए।

एंबुलेंस में धमाका इतना तेज था कि इसके असर से आसपास के घरों की खिड़कियां तक टूट गईं। हालांकि हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह घटना जलगांव के दादावाड़ी इलाके के नेशनल हाइवे पर हुई। यह एंबुलेंस गर्भवती महिला को लेकर एर्डेनॉल सरकारी स्कूल से जलगांव के जिला अस्पताल जा रही थी। एंबुलेंस ड्राइवर ने अचानक देखा कि इंजन से धुआं निकल रहा है।

इसके बाद वह खुद बाहर निकल गया और उसमें बैठे अन्य लोगों को भी भागने को कहा। इसके बाद ड्राइवर ने आसपास जा रहे पैसेंजर्स को भी आगाह किया। इसके कुछ ही मिनट के बाद एंबुलेंस में आग लग गई। फैलते-फैलते आग एंबुलेंस के ऑक्सीजन टैंक तक पहुंच गई और अचानक काफी तेज धमाका हुआ। वीडियो में भी धमाके की तेज आवाज सुनाई दे रही है। यूपी के प्रतापगढ़ जिले में भी पिछले महीने इसी तरह की घटना देखने को मिली थी। इस हादसे में भी एक एंबुलेंस में आग लग गई थी। यह एंबुलेंस एक पेट्रोल पंप के पास खड़ी की गई थी। यहां पर भी ड्राइवर ने अचानक वाहन से धुआं निकलते देखा और बाहर निकल गया। बाद में पेट्रोल पंप कर्मचारियों की मदद से ड्राइवर ने आगे बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं रहा।

## जबरन काम और मार-पीट; नोएडा में नाबालिग लड़की से कराई जा रही थी बाल मजदूरी

**नोएडा एजेंसी।** दिल्ली में नाबालिग लड़की से घर पर काम काम कराने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। लड़की की उम्र मजह 11 साल है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने लड़की को 5000 रुपए में अपने घर पर काम कराने के लिए रखा था। एक दिन मारपीट की बात आसपास के लोगों को पता चल गई तो मामला खुलकर सबके सामने आ गया। एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। पीड़ित लड़की की मां, मामा और मौसी के ऊपर भी मामला दर्ज किया गया है। जानिए आखिर क्यों लड़की के परिजनों पर मामला दर्ज हुआ और लोगों को लड़की के साथ हो रही मारपीट की जानकारी कैसे मिली। चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर युवराज कुमार ने बताया कि मामला तब सामने आया जब पड़ोसियों ने बच्ची को सोसायटी में गुमशुदा हालत में घूमते हुए देखा। घटना सेक्टर 137 स्थित लॉजिक्स ब्लॉसम काउंटी सोसायटी की है। यहां के निवासी शाहजहां और उसकी पत्नी रुखसाना ने किसी बात पर बच्ची की पिटाई कर दी थी। इसके बाद आस-पास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद सेक्टर 142 थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर चंचल ने दंपत्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि लड़की को झारखंड के रहने वाले दंपत्ति के पास काम करने के लिए दिल्ली भेजा गया था। लड़की को 5000 रुपये महीने का वेतन दिया जाता था। कुमार ने बताया जब लड़की के माता-पिता से पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वे बहुत गरीब हैं और उसके दो भाई अपने परिवार के साथ बोकारो में रहते हैं। परिजनों ने ही लड़की को दिल्ली भेजा था। बताया गया है कि पीड़ित लड़की की मां, मामा और मौसी के ऊपर भी मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच के बाद लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। लड़की ने बाद में पुलिस को बताया कि दंपति नाबालिग को पीटते थे और उससे घर के काम करवाते थे। पुलिस ने बताया कि उसे ग्रेटर नोएडा के गामा-प्रथम में जग शांति उद्यान केयर में भेज दिया गया है।

## सास का रेप करने वाले दामाद पर फूटा हाईकोर्ट का गुस्सा, कहा- ऐसी घिनौनी हरकत...

**मुंबई , एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने सास से दुष्कर्म के दोषी व्यक्ति की सजा बरकरार रखते हुए टिप्पणी की कि यह एक शर्मनाक कृत्य था और पीड़िता दोषी के लिए मां के समान थी। न्यायमूर्ति जीए सनप की एकल पीठ ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि पीड़िता दोषी की मां की उम्र की थी और उसने उसके नारीत्व को कलंकित किया। पीठ ने कहा कि पीड़िता ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि उसका दामाद इस तरह की घिनौनी हरकत कर सकता है और वह जीवन भर इस कलंक को झेलती रहेगी। उसने कहा, इस बात का संज्ञान लिया जाता है कि याचिकाकर्ता (दोषी), जो वादी (शिकायतकर्ता पीड़िता) का दामाद है, ने अपनी सास, जो उसकी अपनी मां की उम्र की है, के साथ यह शर्मनाक कृत्य किया। याचिकाकर्ता ने पीड़िता के नारीत्व को कलंकित किया। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने पीड़िता के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाया। पीड़िता ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसका दामाद उसके साथ ऐसी घिनौनी हरकत करेगा। पीठ ने याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि बरकरार रखते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूत दुष्कर्म के अपराध को साबित करने के लिए पर्याप्त हैं और दोषी को सुनाई गई सजा अपराध की गंभीरता के अनुरूप थी। दोषी व्यक्ति ने सत्र अदालत के मार्च 2022 के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसके तहत उसे दिसंबर 2018 में अपनी 55 वर्षीय सास के साथ दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए 14 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसका दामाद और बेटी अलग हो गए थे, जिसके बाद उसके दोनों नाती अपने पिता के साथ रहते थे। उसने बताया था कि घटना के दिन उसका दामाद उसके घर पहुंचा, उससे झगड़ा किया और कहा कि वह अपनी बेटी को फिर से उससे मिलाने की कोशिश करे।

## वायनाड में कम वोटिंग से कांग्रेस की बढ़ सकती है परेशानी, प्रियंका गांधी की जीत की कितनी गारंटी

**वायनाड , एजेंसी।** वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को हुए उपचुनाव में 64.72 प्रतिशत वोटिंग हुई। 2009 में इस सीट के गठन के बाद से अब तक का सबसे कम मतदान प्रतिशत है। राहुल गांधी के द्वारा इस सीट से इस्तीफा देने के कारण यहां उपचुनाव की स्थिति बनी। यहां प्रियंका गांधी वाड्रा का मुकाबला सीपीआई उम्मीदवार सत्यन मोकेरी और बीजेपी की नव्या हरिदास से है। मतदान प्रतिशत में गिरावट को लेकर कांग्रेस के भीतर चिंताएं भी जताई गई हैं। आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के लिए जीत का अंतर 5 लाख वोटों का दावा किया था।

कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने कहा है कि कम मतदान प्रतिशत से उनके द्वारा घोषित किए गए मतदान के मार्जिन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यूडीएफ नेताओं ने इसका खंडन किया और दावा किया कि पार्टी की स्थिति मजबूत है। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कम मतदान प्रतिशत के लिए सीपीआईएम के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच उत्साह की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कुछ इलाकों में मतदाताओं का रुझान अपेक्षाकृत कम था, जिसके कारण मतदान प्रतिशत में गिरावट आई। प्रियंका गांधी को समर्थन जुटाने के लिए आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल और दीपा दासमुनी ने प्रियंका गांधी के साथ बैठकों में भाग लिया। इसके अलावा, कांग्रेस नेताओं ने यह सुनिश्चित किया कि उनके विधायक और कार्यकर्ता प्रियंका गांधी के अभियान के दौरान क्षेत्र में मौजूद रहें। प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जैसे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्षी नेता राहुल गांधी और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार भी शामिल हुए। इस उपचुनाव के दौरान इन नेताओं ने प्रियंका गांधी के प्रचार का नेतृत्व किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से मैदान में लाने की कोशिश की। यह उपचुनाव वायनाड जिले में आई बाढ़ के कुछ महीने बाद हुआ है। बाढ़ के कारण 231 लोगों की मौत हो गई थी।




## तीन कसाईखाना के चक्कर में रिटायरमेंट से पहले बलि चढ़ गए अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह?

**लखनऊ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने का वहम पाल बैठे अफसरों में योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार को तब सनसनी फैला दी जब वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मनोज सिंह को रिटायरमेंट से सात सप्ताह पहले पद से ना सिर्फ हटा दिया गया बल्कि बिना पोस्टिंग वेटिंग में डालकर शंट कर दिया गया। गलत काम करने वाले नौकरशाहों में हड़कंप है कि पता नहीं कब उनका नंबर आ जाए। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसर पता कर रहे हैं कि सर्विस के आखिरी मोड़ पर मनोज सिंह सरकार के निशाने पर कैसे आ गए। चर्चा है कि यूपी में एक नया कसाईखाना खोलने और दो पहले से चल रहे बूचड़खानों को बढ़ाने की मंजूरी देने के चक्कर में मनोज सिंह बलि चढ़ गए।1989 बैच के आईएएस अफसर मनोज सिंह जून 2021 से वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग संभाल रहे थे। सरकार ने मनोज सिंह पर कार्रवाई के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दो सीनियर अफसरों को भी निलंबित किया है। नियमों और प्रक्रियाओं को दरकिनार कर तीन कसाईखानों को चालू करने और विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के आरोप में दोनों अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। प्रदूषण बोर्ड के सस्पेंड अधिकारियों में अनिल कुमार माथुर और विवेक राय शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ सरकार बनी है तब से कसाईखाना बहुत ही संवेदनशील मुद्दा रहा है क्योंकि सरकार मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती है। हिन्दुस्तान टाइम्स ने महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज देखे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि मनोज सिंह की एसीएस पद से अचानक विदाई के पीछे तीन कसाईखानों को मिली मंजूरी है। इनमें दो कसाईखाना उन्नाव जिले की एओवी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और अल हक फूड्स कंपनी की है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)